दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 217

ग्वालियर, बुधवार, 27 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

पीडीपी को जम्मू में प्रधानमंत्री के भाषण से कोई उम्मीद नहीं: महबूबा

प्रधानमंत्री मोदी के जम्मू दौरे से कश्मीर में कुछ नहीं बदलने वाला

श्रीनगर। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि पीडीपी को जम्मू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में कोई उम्मीद नहीं दिख रही। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं को निराशा की ओर धकेल दिया है। पीडीपी प्रमुख महबूबा ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? प्रधानमंत्री ने युवाओं और जम्मू-कश्मीर के भविष्य के बारे में बात की। उनका भविष्य क्या है? पीएसए (जम्मू-कश्मीर लोक सुरक्षा कानून) क्या पर्याप्त नहीं था कि अब युवाओं के खिलाफ यूएपीए के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं। महबूबा ने कहा कि मोदी का बयान विडंबनापूर्ण है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में रोजगार और व्यापार के अवसर बाहरी लोगों को दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''नौकरियां बाहर जा रही हैं, खनन के पट्टे और शराब के लाइसेंस भी बाहरी लोगों को दिए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में पैदा होने वाली बिजली से पूरे देश में घरों और कारखानों को बिजली मिलती है, लेकिन इस मोर्चे पर भी कश्मीर की स्थिति भयानक है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने जम्मू-कश्मीर की जमीन को बिक्री के लिए रख दिया है। उन्होंने कहा, ''वह यहां जमीन खरीदने वाले लोगों के लिए स्टांप ड्यूटी में 50 प्रतिशत की कमी की पेशकश कर रहा है।'' जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने मुसलमानों के खिलाफ हिंसा पर चुप्पी साधे रखने के लिए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया, ''मुसलमानों की आजीविका, उनके घरों और उनकी गरिमा को दिल्ली के जहांगीरपुरी में प्रधानमंत्री आवास के ठीक पास बुलडोजर से ढहाया जा जा रहा है, लेकिन मोदी इसके बारे में कुछ नहीं कर रहे हैं।'' महबूबा ने कहा कि एक मुस्लिम बहुल राज्य के तौर पर जम्मू-कश्मीर धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के आधार पर भारत में शामिल हुआ था। उन्होंने कहा, ''हमने सोचा था कि हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई एक साथ रहेंगे। अब ऐसा नहीं हो रहा है। देश में सबसे बड़े अल्पसंख्यक मुस्लिम बहुत डरे हुए हैं।''महबूबा ने कहा कि प्रधानमंत्री का जम्मू-कश्मीर का दौरा उनके मूक दर्शक बने रहने की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जब 20 करोड़ मुसलमान बुलडोजर का सामना कर रहे थे।

कंपनियां ईवी वाहनों को वापस मंगाकर उन्हें ठीक करके दे: गडकरी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों में हाल में आग लगने की घटनाओं के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कंपनियों से गड़बड़ी वाले वाहनों को वापस मंगाने को लेकर तुरंत कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मार्च, अप्रैल और मई में पारा चढ़ने के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बैटरी में कुछ समस्या होती है। गडकरी ने कहा कि देश का ईवी उद्योग अभी काम करना शुरू किया है और सरकार उनके समक्ष कोई बाधा पैदा नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा, ''लेकिन सरकार के लिए सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण और मानव जीवन के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हाल के दिनों में इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की कुछ घटनाओं के बाद उनका बयान मायने रखता है। इन घटनाओं में कुछ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई जख्मी हुए। गडकरी ने कहा कि कंपनियां खराब वाहनों को ठीक करने के लिए उन्हें वापस मंगाने को लेकर तुरंत कदम उठा सकती हैं। उन्होंने कहा, मार्च, अप्रैल और मई में पारा चढ़ता है और इसतरह के ईवी बैटरी के कुछ समस्या होती है। मुझे लगता है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों में आग लगना पारा चढ़ने से जुड़ा है।''मंत्री ने कहा कि सरकार ईवी को लोकप्रिय बनाना चाहती है। गडकरी ने कहा, ''हम समझते हैं कि ईवी उद्योग ने अभी काम करना शुरू किया है। हम उसके लिये कोई बाधा पैदा नहीं करना चाहते।

देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तो भारत की उपलब्धियां वैश्विक होनी चाहिए: मोदी

शिवगिरि तीर्थ यात्रा की 90वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री बोले- ये केवल एक संस्था की यात्रा भर नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सरकारी आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर शिवगिरि तीर्थ यात्रा की 90वीं वर्षगांठ और ब्रह्म विद्यालय की स्वर्ण जयंती के वर्ष भर चलने वाले संयुक्त समारोह के उद्घाटन के बाद अपने उद्बोधन में कहा कि 25 साल बाद देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तो भारत की उपलब्धियां वैश्विक होनी चाहिए और इसके लिए उसकी दूरदृष्टि भी वैश्विक होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि तीर्थदानम् की 90 सालों की यात्रा और ब्रह्म विद्यालयम् की गोल्डन जुबली, ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये भारत के उस विचार की भी अमर यात्रा है, जो अलग-अलग कालखंड में अलग-अलग माध्यमों के जरिए आगे बढ़ता रहता है। मोदी ने बताया कि जब केदारनाथ जी में बहुत बड़ा हादसा हुआ। यात्री जीवन व मृत्यु के बीच जूझ रहे थे। उत्तराखंड में और केंद्र में तब कांग्रेस की सरकार थी। तब मैं गुजरात में मुख्यमंत्री था। तब शिवगिरि मठ से मुझे फोन कॉल आया कि हमारे संत वहां फंस गए हैं, उनका पता नहीं लग रहा है और ये काम आपको करना है। बड़ी-बड़ी सरकारें होने के बाद भी शिवगिरि मठ ने ये काम मुझे दिया। मुझे उसे सेवा कार्य का मौका मिला और सभी संतों को मैं सही-सलामत वापस ला पाया।

पीएम ने कहा, वाराणसी में शिव की नगरी हो या वरकला में शिवगिरि, भारत की ऊर्जा का हर केंद्र, हम सभी भारतीयों के जीवन में विशेष स्थान रखता है। ये स्थान केवल तीर्थ भर नहीं हैं, ये आस्था के केंद्र भर नहीं हैं, ये 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के जाग्रत प्रतिष्ठान हैं।% दुनिया के कई देश, कई सभ्यताएं जब अपने धर्म से भटकीं, तो वहां आध्यात्म की जगह भौतिकतावाद ने ले ली, लेकिन भारत के ऋषियों, संतों, गुरुओं ने हमेशा विचारों और व्यवहारों का शोधन किया, संवर्धन किया। पीएम ने कहा कि नारायण गुरुजी ने धर्म को शोधित किया, परिमार्जित किया, समयानुकूल परिवर्तन किया। उन्होंने रूढ़ियों और बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाया और भारत को उसके यथार्थ से परिचित कराया। नारायण गुरुजी ने जातिवाद के नाम पर चल रहे, भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। मोदी ने आगे कहा कि हम सभी की एक ही जाति है- भारतीयता। हम सभी का एक ही धर्म है- सेवा धर्म, अपने कर्तव्यों का पालन। हम सभी का एक ही ईश्वर है- भारत मां के 130 करोड़ से अधिक संतान।

मैं डरने वाली नहीं, दिल्ली की बेटी को पंजाब खींचकर लाना पड़ेगा भारी: अलका लांबा

नई दिल्ली। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर टिप्पणी के मामले में रूपनगर के थाने में तलब कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व विधायक अलका लांबा ने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा है कि वो डरने वाली नहीं है। कुल लोग दिल्ली की लड़ाई को पंजाब खींचकर लाए हैं। जो दिल्ली की बेटी को खींचकर पंजाब लाए हैं, यह उनको भारी पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि पंजाब में बदलवा की राजनीति की बात कहने वाले अब बदले की राजनीति पर उतर आए हैं। अलका लांबा ने कहा कि वह पंजाब आ गई हैं और 27 अप्रैल को थाना सदर रूपनगर में पेश होंगी। लांबा ने कहा कि जो दिल्ली में बैठे हैं, पंजाब के मुख्यमंत्री के आका हैं और मुख्यमंत्री आवास में बैठे उनके सांसद मोहरा हैं। ये पंजाब पुलिस को निर्देश दे रहे है वो देते रहें और तारीखें बदलते रहें। लांबा ने कहा कि वो कानून का सम्मान करती हैं। उन्होंने कहा है कि बदलाव की राजनीति करने का दावा करने वाली पार्टी बदले की राजनीति पर उतर आई है। कुमार विश्वास के खिलाफ थाना सदर रूपनगर में 12 अप्रैल को एफआइआर दर्ज की गई और 20 अप्रैल को नोटिस हमारे घर के बाहर चिपकाया गया। 26 अप्रैल को रूपनगर सदर थाने में बुलाया गया। उन्होंने आगे कहा कि मैं 25 अप्रैल को पंजाब आ गई। लेकिन फिर डीएसपी का फोन आया कि अब आपको 26 अप्रैल नहीं 27 अप्रैल को पेश होना है। इसके बाद नई तारीख का वाट्सएप नोटिस आ गया। पंजाब पुलिस का इस्तेमाल पंजाब के लोगों के लिए करने के बजाय उतर प्रदेश के गाजियाबाद में बैठे आप के पूर्व सहयोगी और वर्तमान में राजनीतिक विरोधी और दिल्ली में मुझ पर राजनीतिक तौर पर दुरुपयोग किया जा रहा है।

चार साल की बच्ची को गुस्से में दादी ने पिला दी आधी बोतल शराब, हुई मौत

वाशिंगटन। चार साल की बच्ची की मौत मामले में उसकी दादी और मां पर हत्या का केस दर्ज हुआ है। दादी पर आरोप है कि उसने सजा के तौर पर बच्ची को जबरन आधी बोतल शराब पिला दी, जिससे उसकी हालत बिगड़ी और बाद में बच्ची की मौत हो गई। वहीं बच्ची की मां ये सब होते हुए चुपचाप देखती रही। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के लुसियाना में रहने वाली 53 साल की आरोपी महिला का नाम रौक्सैन (बच्ची की दादी) है। रौक्सैन पर आरोप है कि उसने चार साल की बच्ची को अपनी आधी बोतल व्हिस्की जबरन पिला दी, जिसके बाद बच्ची की मौत हो गई। हैरत की बात ये है कि रौक्सैन की हरकत को बच्ची की मां काजाह (28) चुपचाप खड़े होकर देख रही थी। इसके बाद रौक्सैन के साथ काजाह पर भी हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच में पता चला है कि बच्ची के ब्लड में अल्कोहल का स्तर .068 था, जो 21 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए .08 की कानूनी सीमा से आठ गुना अधिक था। पुलिस रौक्सैन के घर पहुंची, तब उन्होंने बच्ची को बेसुध पड़े पाया। पूछने पर बच्ची के भाई-बहनों ने बताया कि दादी (रौक्सैन) नाराज थीं, क्योंकि बच्ची ने उनकी व्हिस्की का एक घूंट लिया था। सजा देने के लिए दादी ने उसे फर्श पर घुटने टेकने और बोतल में बची आधी व्हिस्की को खत्म करने के लिए मजबूर किया। जबरन बच्ची को व्हिस्की पिलाने के बाद उसके ब्लड में अल्कोहल की मात्रा बढ़ गई और बाद में उसकी मौत हो गई।

सत्ता परिवर्तन के बाद भी पाकिस्तान में कश्मीर राग जारी

इमरान से आगे निकलने की होड़ में शहबाज

नई दिल्ली। देश को आजाद हुए 75 साल हो गए लेकिन कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच सूल की तरह चुभ रहा है। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान भारत पर 4 बार हमले कर चुका है। वहां प्रधानमंत्री बदलते रहते हैं लेकिन कश्मीर का राग जो भी प्रधानमंत्री बनता है सबसे पहले उसकी जुबान पर यही राग चढ़ता है। नए नवेले पीएम शहबाज शरीफ भी इससे अछूते नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जम्मू कश्मीर दौरे को लेकर पाकिस्तान तिलमिला गया है और एक बार फिर से कश्मीर राग अलाप रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर ट्वीट किया है। शरीफ ने पीएम मोदी के चिनाब नदी पर रतले क्वार जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखने पर नाराजगी जताई है। शहबाज शरीफ ने ट्वीट कर लिखा कि भारतीय प्रधानमंत्री की कश्मीर यात्रा और जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखना सिंधु जल संधि का उल्लंघन है। जम्मू और कश्मीर में सामान्य हालात होने का झूठा दिखावा किया जा रहा है। हम कश्मीरियों के साथ खड़े हैं क्योंकि उन्होंने यात्रा को अस्वीकार कर दिया और काला दिवस मनाया है। भले ही इमरान खान को पीएम की कुर्सी से हटा दिया गया है। भले ही उनकी जगह शहबाज शरीफ नए पीएम बन गए हैं। लेकिन पाकिस्तान का कश्मीर राग नहीं छूटा है। शहबाज ने भी पीएम बनते ही कश्मीर का मुद्दा छेड़ दिया था। उन्होंने कहा था कि कश्मीर मुद्दे का समाधान नहीं होने तक भारत के साथ संबंध सामान्य नहीं होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बधाई पत्र के जवाब में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत-पाकिस्तान के बीच सार्थक बातचीत और जम्मू कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के जरिए दोनों देशों के लोगों और क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास प्राप्त किया जा सकता है।

कोरोना पर काबू पाने को लॉकडाउन ही उपाय

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में होम आइसोलेशन वाले कोविड मरीजों की संख्या में छह गुना से अधिक वृद्धि हुई है। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार 11 अप्रैल को दिल्ली में होम आइसोलेशन वाले कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 447 थी, जो 24 अप्रैल को बढ़कर 2,812 हो गई। इस अवधि में अस्पतालों में भर्ती संक्रमितों की संख्या भी 17 से बढ़कर 80 हो गई है। हालांकि दिल्ली सरकार ने लोगों को आश्वासन दिया है कि मामले बढ़ने के बावजूद अस्पताल में भर्ती होने की दर कम बनी हुई है। पिछले कुछ दिन में दिल्ली में संक्रमण के मामलों में तेजी देखी गई और एक्टिव मरीजों की संख्या 11 अप्रैल को 601 थी, जो अब बढ़कर 3,975 हो गई है।

पंजाब में भी लागू होगा दिल्ली जैसा एजुकेशन मॉडल सीएम भगवंत मान ने किया ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने ऐलान किया है कि वो पंजाब में भी दिल्ली जैसा एजुकेशन मॉडल शुरू करेंगे। दिल्ली के एजुकेशन मॉडल को समझने पंजाब के कुछ अफसरों के साथ दिल्ली आए सीएम भगवंत मान ने चिराग एन्कलेव स्थित सरकारी स्कूल का दौरा किया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी उनके साथ रहे। इस दौरान सीएम भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के एजुकेशन मॉडल की पूरी दुनिया में चर्चा है और अब ऐसा ही एजुकेशन मॉडल वो पंजाब में भी डेवलप करेंगे। उन्होंने कहा कि एक दूसरे से सीखकर ही देश आगे तरक्की कर सकता है। सीएम भगवंत मान ने कहा- दिल्ली सरकार की तरह ही पंजाब में भी टीचरों और प्रिंसिपल को ट्रेनिंग दी जाएगी। हम दिल्ली से सुझाव लेगें कि अपने राज्य के स्कूलों को किस तरीके से विकसित किया जाए। हम अपने स्कूलों में ऐसा माहौल बनाएंगे जिससे गरीब और अमीर दोनों बच्चे एक साथ एक ही स्कूल में एक ही बेंच पर बैठकर पढ़ाई कर सकें। दिल्ली के स्कूलों की तारीफ करते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा- वर्ल्ड क्लॉस इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इतने शानदार स्कूलों को देखना गजब का अनुभव है। उच्च योग्यता वाले टीचर पढ़ाई के नए नए तरीकों से बच्चों के करियर को नई दिशा दे रहे हैं। क्लॉस रूम में पेपरलेस पढ़ाई देखकर मैं बहुत इंप्रेस हुआ हूं। बच्चे लैपटॉप पर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। सीएम भगवंत मान ने कहा कि सीएम में भी इसी तरह एडवांस स्किल के साथ बच्चों की पढ़ाई कराई जाएगी। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी कहा कि हमें मिलकर देश की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की कोशिश करनी चाहिए। सीएम केजरीवाल ने कहा- पंजाब के अस्पताल और स्कूल दिल्ली जैसे बढ़िया क्यों नहीं हो सकते? उन्होंने ये भी कहा कि पंजाब को बदलने के लिए वो कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

उद्धव ठाकरे ने तोड़ी चुप्पी, बोले- मेरे घर पर हनुमान चालीसा पढ़ो, पर दादागीरी बर्दाश्त नहीं करुंगा

मुंबई। महाराष्ट्र में 'मातोश्री' यानि सीएम उद्धव ठाकरे के आवास पर हनुमान चालीसा पाठ विवाद पर अंततः सीएम ठाकरे ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि उनके घर पर हनुमान चालीसा पढ़ने में कोई समस्या नहीं है लेकिन 'दादागीरी' बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे ने भाजपा का नाम लिए बगैर उस पर निशाना साधा और दावा किया कि उन्हें हिंदुत्व सिखाने वाले उस वक्त 'चूहे के बिल' में छिपे थे जब बाबरी मस्जिद गिराई गई थी। उन्होंने कहा, 'अगर आप मेरे घर पर 'हनुमान चालीसा' पढ़ना चाहते हैं, आइए। लेकिन सही तरीके से आइए।' ठाकरे ने यहां बेस्ट मुख्यालय में 'नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड' (एनसीएमसी) की शुरुआत के मौके पर कहा, 'लेकिन अगर आप दादागीरी से आना चाहते हैं तो बालासाहेब ने हमें सिखाया था कि दादागीरी को कैसे खत्म करते हैं।' उन्होंने भगवान हनुमान का संदर्भ देते हुए कहा कि शिवसेना का हिंदुत्व 'गदाधारी' है, जबकि विरोधियों का हिंदुत्व 'घंटाधारी' है। अमरावती से सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने ठाकरे के मुंबई स्थित निजी आवास 'मातोश्री' के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने की बात कही थी। इससे शिवसैनिक नाराज हो गये थे। बाद में राणा दंपती ने अपने आह्वान को वापस ले लिया था और एक कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई प्रवास का हवाला दिया था। इससे पहले आज दिन में भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि अगर हनुमान चालीसा पढ़ना राजद्रोह है तो ''हम सभी यह अपराध करने के लिए तैयार हैं।'

खास खबर

गर्मी में रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली की आपूर्ति करें: योगी

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत (बिजली)आपूर्ति होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोक भवन में ऊर्जा विभाग की बैठक को संबोधित कर करते हुए निर्देश दिया कि इसके लिए जरूरी व्यवस्था अविलम्ब की जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत की अबाधित आपूर्ति के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफॉर्मर के खराब होने अथवा तार आदि के टूटने की स्थिति में बिना देरी समस्या का समाधान किया जाए। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग व पावर कारपोरेशन यह सुनिश्चित करें कि पूर्व निर्धारित रोस्टर के अनुरूप सभी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत की अबाधित आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिल का भुगतान प्राप्त किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की भी जिम्मेदारी है कि समय से विद्युत बिल का भुगतान करें।

2017 से ही ट्वीटर को खरीदने की कोशिश में जुटे थे मस्क

वाशिंगटन। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने आखिरकार माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्वीटर को खरीद लिया है।मस्क ने इस महीने पहले ट्विटर को खरीदना का ऑफर दिया था। अब ये डील 44 बिलियन डॉलर में फाइनल हो गई है। लेकिन, ट्विटर खरीदने का मन उन्होंने साल 2017 में ही बना लिया था। इस लेकर मस्क का एक पुराना ट्वीट है। 21 दिसंबर 2017 को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक ट्वीट किया था। ट्वीट में उन्होंने %आई लव ट्वीटर% लिखा था। मस्क के ट्वीट पर अमेरिकी पत्रकार ने कहा तब वहां इस खरीद ही क्यों नहीं लेते हैं। इस ट्वीट का रिप्लाई देकर मस्क ने पूछा इस कीमत कितनी है? इस ट्वीट के लगभग 52 महीने के अब मस्क ने ट्विटर को आखिर खरीद ही लिया। इसके लिए उन्होंने लगभग 3368 अरब रुपये खर्च किए। मस्क के साथ हुई बातचीत अब वायरल हुई है।

कांग्रेस से नहीं बनी प्रशांत किशोर की बात पीके ने ठुकरा दिया ऑफर : सुरजेवाला

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि प्रशांत किशोर ने कांग्रेस के ऑफर को ठुकरा दिया है और वह पार्टी में नहीं शामिल हो रहे हैं। बता दें कि कई दिनों से उनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा गर्म थी।सुरजेवाला ने कहा, प्रशांत किशोर के साथ चर्चा और प्रजंटेशन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एम्पावर्ड ऐक्शन ग्रुप 2024 का गठन किया और इसी के तहत उन्हें पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया गया। हालांकि उन्होंने कांग्रेस जॉइन करने से इनकार कर दिया। पार्टी को दी जाने वाली सलाह के लिए हम उनकी तारीफ करते हैं। प्रशांत किशोर ने भी ट्वीट करके कहा, कांग्रेस पार्टी ने मुझे एम्पावर्ड ऐक्शन ग्रुप में शामिल होने और चुनाव की जिम्मेदारी संभालने का ऑफर दिया था लेकिन मैंने इनकार कर दिया है।

पंजाब में भीषण सड़क हादसा, नहर में गिरी फॉर्च्यूनर कार, 5 की मौत

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना से एक भीषण सड़क हादसे की खबर आ रही है यहां गांव झंमट पुल नजदीक गत रात फॉर्च्यूनर कार के नहर में गिरने कारण कार सवार 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार कार में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें से 5 की मौत जबकि इस घटना दौरान संदीप सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी नंगला बाल -बाल बच गया। मृतकों की पहचान जतिन्दर सिंह (40) पुत्र भगवंत सिंह निवासी नंगला, जगतार सिंह (45) पुत्र बावा सिंह निवासी नंगला, जग्गा सिंह (35) पुत्र भजन सिंह निवासी गोपालपुर कुलदीप सिंह (45) पुत्र करनैल सिंह निवासी लेहल और जगदीप सिंह (35-26) पुत्र गुरमीत सिंह निवासी गांव रुड़कां के रूप में हुई है।

हवाई अड्डे पर आंधी के कारण 6 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन

नई दिल्ली। दिल्ली हवाईअड्डे पर आंधी के कारण कम से कम छह उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया, जबकि कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई से आ रहे विस्तारा के एक विमान और जयपुर व लखनऊ से आ रही एलायंस एयर की दो उड़ानों को लखनऊ हवाई अड्डे की तरफ मोड़ दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, जबलपुर और पटना से आ रही इंडिगो की दो उड़ानों को जयपुर हवाईअड्डे की तरफ भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि वडोदरा से आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को भी जयपुर हवाईअड्डे की तरफ मोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, आंधी के चलते दिल्ली हवाईअड्डे से प्रस्तावित कई उड़ानें भी प्रभावित हुईं।

न्यूज़ ट्रैक....

66 साल की उम्र में दूसरी शादी कर रहे पूर्व क्रिकेटर अरुण लाल

कोलकाता । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज अरुण लाल दूसरी शादी करने जा रहे हैं। 66 साल के अरुण लाल 38 साल की बुलबुल साहा से शादी करने जा रहे हैं। अरुण और बुलबुल काफी समय से एक-दूसरे को जानते हैं। उनकी शादी 2 मई को कोलकाता के पीयरलेस इन होटल में होगी। अरुण लाल की पहली शादी रीना से की थी। रीना काफी समय से बीमार चल रही हैं और उन्हीं की सहमति के बाद अरुण दूसरी शादी करने जा रहे हैं। उनकी शादी में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के अधिकारियों, साथी खिलाड़ियों के साथ ही उनके परिवारजनों को आमंत्रित किये जाने की भी संभावना है। अरुण साल 2016 में कैंसर से पीड़ित हुए थे हालांकि अब वह ठीक हो गये हैं। इसके बाद वह बंगाल टीम के कोच बने। अरुण लाल ने अपने करियर में 16 टेस्ट और 13 एकदिवसीय खेले हैं। इस दौरान उन्होंने टेस्ट में 729 और एकदिवसीय में 122 रन बनाए हैं। अरुण अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर में एक भी शतक नहीं लगा पाये हैं।

अतिरिक्त रन देना भारी पड़ाः जडेजा

मुम्बई । चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम को आईपीएल लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इस हार पर निराशा व्यक्त करते हुए सीएसके टीम के कप्तान रविन्द्र जडेजा ने कहा है कि टीम ने जो अतिरिक्त रन दिये उन्हीं से परिणाम प्रभावित हुआ है। सीएसके को पंजाब किंग्स के खिलाफ 11 रनों से करीबी हार का सामना करना पड़ा। जडेजा ने कहा, हमने अच्छी शुरुआत की थी। मुझे लगता है कि हमने मैच के अंत में 10-15 रन जो अतिरिक्त दिये उनसे ही हमें नुकसान हुआ। हमने अपनी रणनीति पर सही से काम नहीं किया। पंजाब को अगर हम 175 रन तक रोक लेते तो हमारे लिए अच्छा होता। हम शुरुआत के छह ओवर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, हम यहां पीछे रह गये। इस हार के बाद भी हम वापसी के लिए तैयार हैं।

ओलंपिक खेल गांव में बनेंगे अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम

नोएडा । ओलंपिक खेल गांव में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनाये जाने की योजना है। यमुना अथॉरिटी की बैठक इस माह की 26 अप्रैल को होगी। इसमें ओलंपिक खेल गांव बनाने का प्रस्ताव भी रखे जाने की संभावना है। ऐसे अनुमान हैं कि ओलंपिक खेल गांव दिल्ली खेल गांव से भी बड़ा होगा। इसमें कॉमनवेल्थ , एशियाई और ओलंपिक जैसे बड़े खेलों का आयोजन किया जा सकेगा। ओलंपिक खेल गांव में सभी खेल प्रतियोगिताओं के अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनाए जाएंगे। इसके साथ ही इसमें. खिलाड़ियों के लिए खेल गांव भी बनाया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए मास्टर प्लान तैयार हो रहा है। मार्स प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ओलंपिक खेल गांव बनाने की जिम्मेदारी भी दी गई है। कंपनी मास्टर प्लान में ओलंपिक खेल गांव को शामिल करते हुए रिपोर्ट तैयार कर रही है। जानकारों के अनुसार मास्टर प्लान ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स के मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। यमुना अथॉरिटी के सीईओ अरुणवीर सिंह ओलंपिक विलेज बसाने की तैयारियों पर नजर रखे हैं।

7.30 बजे शुरू हुआ आईपीएल मैच

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में जीत की राह पर लौटने उतरी आरसीबी

पुणे । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले को जीतकर अपनी लय हासिल करना चाहेगी। आरसीबी को पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इससे उसका मनोबल गिरा हुआ है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान की टीम ने अपने पिछले दोनो ही मैच जीते हैं जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। ऐसे में अगर आरसीबी को जीतना है तो उसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी की बात करें तो टीम के पास कई स्टार खिलाड़ी हैं पर इसके बाद भी वह नाकाम रही है। टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का खराब फार्म टीम की परेशानी का कारण बनता जा रहा है। विराट पिछले दो मैचों से लगातार पहली ही गेंद पर आउट हुए हैं। ऐसे में कप्तान फाफ डु प्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल पर रन बनाने की अधिक जिम्मेदारी रहेगी। इसके अलावा

टीम को दिनेश कार्तिक और शाहबाज अहमद से भी उम्मीदें रहेंगी क्योंकि इन दोनो का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। इन दोनो में ही

बड़े शॉट खेलने की क्षमता है। कार्तिक बड़े शॉट खेलने के साथ ही फिनिशर के तौर पर भी सफल रहे हैं। आरसीबी के बल्लेबाजों की राह हालांकि आसान नहीं रहेगी क्योंकि राजस्थान का गेंदबाजी आक्रमण काफी अच्छा है। रॉयल्स टीम के पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के अलावा प्रसिद्ध कृष्ण , ओबेद मैकॉय के साथ ही स्पिनर के तौर पर अनुभवी आर अश्विन और युजवेंद्र चहल की जोड़ी है जिसका सामना करना आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। चहल ने इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया था। चहल ने कुल 18 विकेट लिए हैं और अश्विन के साथ उनकी जोड़ी घातक साबित हो सकती है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी अब तक अच्छी रही है। टीम की ताकत उसके सलामी बल्लेबाज जोस बटलर हैं। बटलर ने अबतक बेहतरीन फॉर्म दिखाते हुए इस सत्र में तीन शतक लगाये हैं। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और कप्तान संजू सैमसन भी लय में हैं जबकि आक्रामक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर का प्रदर्शन भी अबतक अच्छा रहा है। राजस्थान की टीम को इन सभी बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। टीम की ओर से केवल करूण नायर और रियान पराग ही अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। राजस्थान के बल्लेबाजों को आरसीबी के स्पिनर हर्षल पटेल ओर वानिंदु हसरंगा से सतर्क रहना होगा। हर्षल डेथ ओवरों में घातक साबित हो सकते हैं , वहीं हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाये हसरंगा एक मैच विजेता गेंदबाज के तौर पर उभरे हैं हालांकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जोश हेजलवुड अब तक उम्मीद के अनुसार गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं जिससे आरसीबी के गेंदबाजी आक्रमण का प्रभाव कम हुआ है।

राहुल पर लग सकता है एक मैच का प्रतिबंध

मुम्बई । आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल पर एक मैच के प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। राहुल पर यह प्रतिबंध धीमी ओवर गति के लिए लगाया जा सकता है। लखनऊ की टीम ने इस सत्र में दूसरी बार धीमी ओवर गति से गेंदबाजी की है। इसी कारण राहुल पर लो बार जुर्माना लगा है। वहीं आईपीएल नियम के अनुसार अगर कप्तान तीसरी बार ऐसी गलती करता है तो उसे एक मैच के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। लखनऊ की टीम प्लेऑफ के बेहद करीब है ओर ऐसे में अगर राहुल पर प्रतिबंध लगता है तो टीम की संभावनाएं कम हो जाएंगी। इस मोड़ पर लखनऊ टीम अपने कप्तान को खोने का खतरा नहीं उठा सकती। राहुल ने अब तक अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। जोखिम नहीं उठा सकती.

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2022 के 37वें मैच में धीमी ओवर गति के लिए राहुल पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि बाकि बाकी खिलाड़ियों पर 6 लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था।. इससे पहले मुंबई के खिलाफ आईपीएल के 26वें मैच में राहुल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा था।

कुलदीप ने बताया सफलता का राज

मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का प्रदर्शन आईपीएल के इस 15 वें सत्र में अच्छा रहा है। कुलदीप ने इसका कारण बताते हुए कहा है कि उन्हें टीम में अपने अनुसार गेंदबाजी की आजादी मिली है। कुलदीप ने अब तक 13 विकेट लेकर अपनी लय हासिल की है। कुलदीप ने दिल्ली कैपिटल्स के टीम प्रबंधन के साथ ही मुख्य कोच रिकी पोंटिंग, सहायक कोच शेन वॉटसन सहित तमाम लोगों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें कैपिटल्स में आने के बाद अपने को व्यक्त करने की आजादी मिली है और यहीं से उनका खेल बेहतर हुआ। कुलदीप ने कहा, %जब आपको अपने को व्यक्त करने की आजादी मिलती है, तब आप हर चीज का आनंद लेने लगते हैं।

जब मैंने कैपिटल्स के साथ अपने अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच पोंटिंग से बात की तो उन्होंने मुझसे कहा था कि मैं बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और वह मुझे सभी 14 लीग मैचों में कैपिटल्स के लिए खेलते देखना चाहते हैं। उनके साथ हुई उस बातचीत ने मुझे बहुत प्रेरित प्रेरित किया। साथ ही कहा, वॉटसन ने भी मेरी बहुत सहायता की है। मैं बहुत खुशकस्मित हूं कि मैंने वॉटसन के साथ तीन-चार सत्रों में काम किया है। उन्होंने विशेष रूप से खेल के मानसिक पहलू को लेकर मेरी मदद की। मैंने उनके साथ बहुत सारी बातें साझा की। मैं उनके साथ खुलकर बात करता हूं। कुलदीप ने कहा कि टीम के कप्तान ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग के कारण भी उन्हें कई विकेट मिले हैं। इस गेंदबाज ने कहा, मुझे लगता है कि ऋषभ स्टंप के पीछे महेन्द्र सिंह धोनी की तरह बनते जा रहे हैं। वह अच्छा मार्गदर्शन करता है और मैदान पर शांत भी रहता है।

धोनी आईपीएल इतिहास के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर : इरफान पठान

मुंबई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान के अनुसार पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब भी नंबर एक फिनिशर हैं। इरफान के अनुसार पिछले कुछ समय में श्रेष्ठ फिनिशरों की सूची में कई नाम जुड़े जरुर हैं पर धोनी की जगह बनी हुई है। धोनी ने मुंबई इंडिया के खिलाफ मैच में अपना कौशल दिखाकर जिस प्रकार टीम को जीत दिलाई उससे यह साबित हुआ है। धोनी ने विपरीत हालातों में रन बनाये ओर इसी कारण मुम्बई के हाथ में आई जीत निकल गयी। पठान ने कहा, एमएस धोनी आईपीएल इतिहास में सबसे महान फिनिशर हैं हालांकि हर दर साल इस सूची में कोई न कोई शामिल होता रहा है पर धोनी को कोई नहीं हटा पाया है। वह इस लीग की पहचान हैं।

धोनी के अलावा एबी डिविलियर्स भी आईपीएल के सबसे बड़े फिनिशर रहे हैं पर धोनी पहले नंबर पर हैं। पठन ने यह भी कहा कि राहुल तेवतिया, दिनेश कार्तिक, शिमरोन हेटमायर ने भी अब तक अपने अच्छे फिनिशर होने के संकेत दिये हैं पर जब किसी सर्वश्रेष्ठ फिनिशर की बात आती है, तो धोनी का ही नाम सामने आता है। पठान ने यह भी दावा किया कि अंक तालिका में निचले स्तर पर होने के बाद भी सीएसके को हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

नस्लभेद के आरोपों से स्मिथ बरी

जोहानसबर्ग । दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और क्रिकेट निदेशक रहे ग्रीम स्मिथ को बड़ी राहत मिली है। स्मिथ को नस्लभेद के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। एसजेएन कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला आया है। वहीं इससे पहले स्मिथ पर तीन अवसरों पर नस्लभेद के आरोप लगे थे पर मध्यस्थता कर रहे वकील नगवाको मैनेटजे एससी और माइकल बिशप ने इन आरोपों को गलत पाया। अब इस प्रक्रिया का खर्च सीएसए को ही उठाना पड़ेगा। प्रक्रिया के दौरान यह साबित हुआ कि स्मिथ ने 2012 और 2014 के बीच विकेटकीपर थामी त्सोलीकीले के विरुद्ध किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया था। उस समय त्सोलीकीले को केंद्रीय अनुबंध के बाद भी टेस्ट टीम में शामिल नहीं किया गया था।

स्मिथ पर यह भी आरोप था कि वह सीएसए में अश्वेत नेतृत्व गुट और खास तौर पर सीईओ थाबांग मोरोए के साथ काम नहीं करना चाहते थे और उन्होंने इसी लिए 2019 में राष्ट्रीय टीम के कोच की नियुक्ति में दखल देते हुए मार्क बाउचर को इनॉक अंकवे से आगे रखा था। इन दोनों में भी उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं पाया गया। गत मार्च में संसद के सामने सीएसए की छानबीन का ब्यौरा देते हुए बोर्ड अध्यक्ष लॉसन नायडू ने आखिरी आरोप को नकारते हुए कहा था कि स्मिथ और बाउचर दोनों की नियुक्ति इससे पहले गठित बोर्ड की देखरेख और पूरी मंजूरी के साथ ही की गई थी।

व्यापारन्यूज

रुपया बढ़त के साथ खुला

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपये में तेजी आई है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर की मुद्राओं में तेजी से रुपया भी शुरुआती कारोबार में ऊपर आया है। इसी के साथ ही डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे बढ़कर 76.45 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 76.48 पर खुला और फिर अंत में बढ़त के साथ ही 76.45 के स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 19 पैसे की बढ़त है जबकि गत दिवस रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे टूटकर 76.64 पर बंद हुआ था। वहीं छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ ही 101.54 पर कारोबार कर रहा था।

इनफिनिक्स स्मार्ट 6 होगा कल लांच

नई दिल्ली । भारतीय बाजार में नया इनफिनिक्स स्मार्ट 6 आगामी 27 अप्रैल को लांच होगा। कंपनी ने ट्वीट करके यह जानकारी दी है। लॉन्च के बाद इनफिनिक्स स्मार्ट 6 को एक्सक्लूसिव तौर पर फ्लीपकार्ट पर बेचा जाएगा। ये इंडस्ट्री का पहला एटीबैक्टीरियल मैटेरियल बैक डिजाइन से बना है। फ्लिपकार्ट पर इनफिनिक्स स्मार्ट 6 के लिए अलग से एक माइक्रोसाइट भी तैयार की गई है जिससे फोन के डिजाइन और कुछ खास फीचर्स का पता चला है।इस इनफिनिक्स फोन में 6.6 इंच की आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले मिलेगी जो 720 एक्स1600 पिक्सल रिजॉल्यूशन ऑफर करेगी। फोन 500 निट्स पीक ब्राइटनेस और 89 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो के साथ आएगा। फोन में 64 जीबी की इंटरनल स्टोरेज और 4 जीबी तक रैम होगी। फोन 2 जीबी+ 2जीबी वर्चुअल रैम सपोर्ट देगा। फ्लीपकार्ट पर फोन की तस्वीर से डिजाइन का पता चला है, सिक्योरिटी के लिए फोन के बैक पैनल पर फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है, इसके अलावा फोन में ग्राहकों को फेस अनलॉक का भी सपोर्ट मिलेगा।

टाटा नेक्सॉन ईवी का अपडेटेड मॉडल होगा लॉन्च

नई दिल्ली । भारत में टाटा मोटर्स की बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार टाटा नेक्सॉन ईवी का अपडेटेड मॉडल जल्द लांच हो सकता है। इस कार में ढेर सारे लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही ज्यादा पावरफुल बैटरी देखने को मिलेगी। बैटरी की रेंज 400 किलोमीटर तक की हो सकती है। इस बीच टाटा मोटर्स अगले हफ्ते अपनी नई इलेक्ट्रिक कार से पर्दा उठाने वाली है। संभावना है कि नई टाटा नेक्सॉन ईवी को अगले महीने लॉन्च किया जा सकता है और इसकी शुरुआती कीमत 15 लाख रुपये से ज्यादा हो सकती है। 2022 नेक्सॉन ईवी के नए फीचर्स की बात करें तो इसमें एयर प्यूरिफायर, वेंटिलेटेड सीट्स, पार्क मोड और इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम समेत कई खास फीचर्स देखने को मिलेंगे। वहीं, नई टाटा नेक्सॉन इलेक्ट्रिक के लुक और फीचर्स की बात करें तो मौजूदा मॉडल के मुकाबले इसके अपडेटेड मॉडल में कुछ-कुछ कॉस्मेटिक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसके साथ ही चारों पहियों में डिस्क ब्रेक, नई अलॉय व्हील, रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले सपोर्ट वाला बेहतर टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जिंग जैसी खूबियां भी देखने को मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नई टाटा नेक्सॉन में 40केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक देखने को मिलेगा, जिसकी सिंगल चार्ज पर बैटरी रेंज 400 किलोमीटर तक की हो सकती है। मौजूदा नेक्सॉन ईवी में 30.2केडब्ल्यूएच तक के बैटरी पैक लगे हैं और इनकी एआरएआई सर्टिफाइड सिंगल चार्ज रेंज 312केएम तक की है। वहीं, चार्जिंग के मामले में भी 2022 टाटा नेक्सॉन ईवी में फास्ट चार्जिंग सुविधा हो सकती है। नई नेक्सॉन इलेक्ट्रिक में 6.6केडब्ल्यू का एसी चार्जर लगा होगा, जिससे आप इस कार को घर पर भी कम समय में चार्ज कर सकेंगे।

अडानी ग्रुप की लंबी छलांग

बाजार खुलते ही अडानी विल्मर का मार्केट कैप एक लाख करोड़ के शीर्ष पर पहुंचा

नई दिल्ली । भारत के कारोबारी गौतम अडानी ने दुनिया के शीर्ष धनाढ्यों में पांचवा स्थान बनाते हो उनकी कंपनियों के शेयरों में आज भारी तेजी दिख रही है। ग्रुप की दो कंपनियों अडानी पावर और अडानी विल्मर के शेयरों ने आज फिर अपर सर्किट छू लिया। इसके साथ ही अडानी विल्मर का मार्केट कैप भी एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस तरह रूप की सातों लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप अब एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। अडानी पावर ने सोमवार को यह मुकाम हासिल किया था। अडानी विल्मर फरवरी में लिस्ट हुई थी और अब तक वह निवेशकों के पैसों को तिगुना कर चुकी है।

अडानी विल्मर के शेयर ने मंगलवार को मार्केट खुलते ही पांच प्रतिशत का अपर सर्किट छू लिया और 802.80 रुपये पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 1,04,338.20 करोड़ रुपये पहुंच गया। इससे पहले अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी ट्रांसमिशन, अडानी टोटल गैस, अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशन इकनॉमिक जोन और अडानी पावर यह मुकाम हासिल कर चुकी हैं। इन सभी कंपनियों के शेयरों में आज तेजी दिख रही है। इस बीच अडानी पावर का शेयर भी बाजार खुलते ही अपर सर्किट छू लिया। यह पांच फीसदी तेजी के साथ 285.75 रुपये पर पहुंच गया जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। इस शेयर में पिछले एक महीने में 114 फीसदी तेजी आई है। कंपनी के शेयरों में इस महीने 51 फीसदी और इस साल 170 फीसदी से अधिक तेजी आई है। इसके साथ ही इसका मार्केट कैप 1,10,212.03 करोड़ रुपये पहुंच गया। देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में यह 48वें नंबर पर पहुंच गई है जबकि अडानी विल्मर 50वें नंबर पर है।

शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

मुंबई । मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त से बाजार उछला है। शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स करीब 657.67 अंक बढ़कर 57,237.56 पर कारोबार कर रहा था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी

तकरीबन 204.35 अंक ऊपर आकर 17,158.30 पर पहुंच गया था। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के सभी शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, आईटीसी, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयर बढ़े हैं। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 3,302.85 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस निकासी से बाजार पर दबाव भी रहा, इसके बाद भी बाजार ऊपर आया है।

प्राची देसाई ने बताया आखिर क्यों करती हैं कम फिल्मों में काम

टीवी में सफल करियर के बाद फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री प्राची देसाई ने कई निर्देशकों द्वारा अपमानित किए जाने पर फिल्मों को ठुकराने की बात कही है. उन्होंने कहा है कि उन्हें काफी लंबे समय तक हॉट दिखने पर फोकस करने को कहा गया था. उन्होंने इस तरह की फिल्मों में काम करने से मना कर दिया तो इंडस्ट्री में उनकी निगेटिव छवि बना दी गई. प्राची देसाई ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलकर बात की और अपने साथ हुए मदभेद को लेकर भी बहुत सारी बातों को साझा किया. प्राची ने बताया कि, 'मैं कभी भी ऐसी फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थी जो सेक्सिस्ट हो और इस इंडस्ट्री में मैंने हॉट दिखने के लिए काफी लंबे समय तक लड़ाई लड़ी है. लोग चाहते थे कि मैं हॉट बनूं. मुझे कई निर्माताओं और निर्देशकों से फीडबैक मिला कि मुझे हॉट होने पर काम करना है. इसलिए मैंने कम काम चुना और मैंने इस इंडस्ट्री से दूर रहना शुरु कर दिया. मैंने बहुत सी बड़ी फिल्मों में काम करने से मना कर दिया था क्योंकि उन्ही सभी फिल्मों में सेक्सिस्ट दिखाना था.' प्राची ने आगे कहा कि, 'इंडस्ट्री में कुछ नामी डायरेक्टर्स हैं जिन्होंने काम के लिए अप्रोच किया था. साथ ही मुझे काम के लिए अपमानित भी किया गया था. उनकी मानें तो इन डायरेक्टर्स को लगता था कि वो उन्हें फिल्म में काम देकर उन पर अहसान कर रहे हैं. आपको बता दें, प्राची ने अपने अभिनय की शुरुआत टीवी शो 'कसम से' से की थी. उन्होंने फिल्म 'रॉक ऑन' से अपने फिल्म करियर की शुरुआत की थी।

दिन में एक बार जरूर पिएं करेले का जूस, कई शारीरिक समस्याओं से मिलेगी मुक्ति

करेला एक ऐसी सब्जी है जिसे देखते ही सबका मुंह बनने लगता है खाना तो दूर की बात है. हालांकि आपको ये पता होना चाहिए कि

करेला खाना सेहत के लिए बहुत ही अच्छा होता है. यह शरीर में शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने के साथ साथ वजन को भी नियंत्रित रखता है. अधिकतर लोग इसे खाना पसंद नहीं करते हैं क्योंकि इसे खाकर कड़वा महसूस होता है पर ये कड़वाहट ही शरीर से कई प्रकार की बीमारियों को दूर रखती है. करेला सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होता है इसलिए इसका सेवन जरूर करना चाहिए. कुछ लोग करेले की सब्जी बनाते हैं तो कुछ इसे जूस के रूप में पीते हैं. अगर आप करेले की सब्जी खाते हैं तो ऐसे में आप इसका जूस भी पी सकते हैं. करेले का जूस पीने से आपकी सेहत के साथ साथ स्किन और बालों की समस्याएं भी दूर होती हैं. करेले का जूस पीने से चेहरे पर ग्लो आता है. साथ ही बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है जिससे वेट कंट्रोल होता है. करेला विटामिन सी से भरपूर होता है ऐसे में यह शरीर के इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉन्ग रखता है. आइए जानते हैं करेले के जूस के फायदों के बारे में.

डायबिटीज में फायदा

डायबिटीज में करेला हमेशा फायदेमंद साबित होता है. इसमें इंसुलिन होता है जिसे पॉलीपेप्टाइड भी कहा जाता है. करेले का जूस बॉडी में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता है. इसे खाली पेट पीने की कोशिश करें.

लिवर के लिए फायदेमंद

करेले का जूस आपकी आंतो को साफ करता है. करेले के जूस में मोमोर्डिका चारेंटिया नामक एक तत्व पाया जाता है. ये एक एंटीऑक्सीडेंट है जो लिवर के कामों को मजबूत करके लिवर डैमेज से सुरक्षा प्रदान करता है. ये गॉल ब्लैडर के काम को भी बढ़ावा देता है.

इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होती है

करेले में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में होता है जो कि शरीर को कई तरह के वायरल इंफेक्शन से बचाता है. यह इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉन्ग बनाता है ताकि बॉडी बीमारियों से दूर रह सके.

मोटापा कम करता है

करेले का जूस मोटापा कम करने में काफी मदद करता है. दरअसल करेले में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है जिससे कैलोरी कंट्रोल में रहती है और वजन नहीं बढ़ता है. करेले का जूस पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है. इससे वेट कंट्रोल में रहता है.

कनिका मान निभाएंगी यंग बोंदिता का रोल

टीवी शो बैरिस्टर बाबू में जल्द ही नौजवान बोंदिता नजर आने वाली हैं. दर्शक उस खास एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. नौजवान बोंदिता के रोल को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे, हालांकि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि शो गुड्डन तुमसे न हो पाएगा फेम कनिका मान बड़ी हो चुकी बोंदिता का रोल निभाएगीं. एक खबर के मुताबिक, कनिका जल्द ही इस खास एपिसोड की शूटिंग शुरू करेंगी. सूत्र के हवाले से बताया कि कनिका दो से तीन दिनों में शूटिंग शुरू कर देंगी. शुरुआत में एक प्रोमो शूट होने जा रहा है. कई एक्ट्रेस ने बोंदिता के रोल के लिए ऑडिशन दिया था और आखिर में कनिका को चुना गया. सूत्र ने आगे बताया, इस रोल के लिए, एक्ट्रेस रीम शेख के नाम पर भी विचार किया जा रहा था, लेकिन एक्ट्रेस को लेकर आशंका थी. वे नए शो का हिस्सा बनने के लिए ज्यादा रोमांचित दिखीं. दिलचस्प बात यह है कि अशनूर कौर भी इस रोल के दावेदारों में से एक थीं, लेकिन वे अपनी बोर्ड परीक्षाओं के कारण इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बन सकीं. सूत्र ने आगे कहा, शो में लीप इस साल की शुरुआत में होना था. हालांकि, कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण, इसे रोक दिया गया था और शो के निर्माताओं शशि और सुमीत मित्तल ने इस शो के मौजूदा आर्टिस्ट औरा भटनागर बडोनी और प्रविष्ठ मिश्रा के साथ शूटिंग जारी रखी. इन्होंने शो में बोंदिता और अनिरुद्ध का रोल निभाया है. खबर आ रही है कि लीप कुछ हफ्तों के बाद शूट होने वाला है. सूत्र ने बताया, निर्माता लीप के बाद एक्टर्स के साथ शूटिंग शुरू करने के लिए महाराष्ट्र में प्रतिबंध हटने का इंतजार कर रहे हैं।

वरुण धवन ने छोड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की बायोपिक

पिछले काफी समय से चर्चा थी कि वरुण धवन जल्द ही पर्दे पर हॉकी खेलते नजर आएंगे। उन्हें हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की बायोपिक का प्रस्ताव मिला था। वरुण ने फिल्म में दिलचस्पी भी दिखाई थी। वह इसे लेकर इसलिए भी बेहद उत्साहित थे क्योंकि वरुण पहली बार किसी बायोपिक में काम करने जा रहे थे, लेकिन अब वह अभिषेक चौबे के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वरुण अब इस फिलम का हिस्सा नहीं होंगे। डेट्स ना होने की वजह से उन्हें यह फिल्म छोड़नी पड़ी है। निर्माता रॉनी स्क्रूवाला लॉकडाउन के बाद फौरन फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते थे, लेकिन वरुण ने पहले से

ही कई फिल्मों को लेकर कमिटमेंट किया हुआ है। वरुण को कहानी बेहद पसंद थी, लेकिन इसकी तैयारी और शूट में समय बहुत ज्यादा लगता। लिहाजा वरुण को फिल्म के लिए मना करना पड़ा।

चर्चा थी कि मेजर ध्यानचंद की बायोपिक के राइट्स करण जौहर ने खरीद लिए हैं। जब करण ने इस प्रोजेक्ट के बारे में सुना था तो वह तुरंत इसे बनाने के लिए राजी हो गए थे। करण यह फिल्म शाहरुख खान के साथ बनाने वाले थे, लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन में समय लगने की वजह से फिल्म डिब्बाबंद हो गई थी। इसके बाद रॉनी स्क्रूवाला ने फिल्म के राइट्स खरीदे और अब वह इसे काफी बड़े स्तर पर बनाने वाले हैं। ध्यानचंद को खेल जगत की दुनिया में दद्दा कहकर पुकारते हैं। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ध्यानचंद ने वर्ष 1926 से 1948 तक भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। 1928, 1932, 1936 में हुए ओलंपिक में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। करीब 185 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इनमें 400 से अधिक गोल किए।

अपने कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं कार्तिक आर्यन

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। जिसमें उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 और धमाका जैसी शामिल है। अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म धमाका का ऐलान पिछले साल नवंबर के महीने में ही कर दिया गया था। इसके बाद से उनकी ये फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी फिल्म धमाका की शूटिंग भी पूरी कर ली है और ये इन दिनों पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। आपको बता दें कि अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अब इसकी रिलीज को लेकर मेकर्स इन दिनों तैयारी कर रहे हैं। इस वक्त की आज ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि, कार्तिक आर्यन की फिल्म धमाका इसी साल सितंबर के महीने में रिलीज की जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार कार्तिक आर्यन और मृणाल ठाकुर द्वारा अभिनीत धमाका सितंबर के महीने में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज करने की तैयारी चल रही है। खबरों में कहा जा रहा है कि, धमाका फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म के लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। इस वक्त मेकर्स इसे रिलीज करने के लिए सही समय की तलाश कर रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने सितंबर के महीने का चुनाव किया है। पहले खबरें सामने आ रही थी कि मेकर्स फिल्म को जून के महीने में ही रिलीज करने वाले हैं।

इंडस्ट्री में आम धारणा है, सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं : जरीन खान

जरीन खान को याद है कि वह जिस तरह दिखती हैं, उसके लिए उन्हें एक फिल्म से रिजेक्ट कर दिया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें उद्योग की धारणा के बारे में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं। जरीन ने बताया, यह सिर्फ मैं ही नहीं, जिसे टाइपकास्ट किया गया है। मुझे लगता है कि इस उद्योग में हर व्यक्ति टाइपकास्ट हो जाता है। जब मैं वीर के साथ बाहर आई तो मुझे एक सुंदर लड़की, एक लड़की के रूप में टाइपकास्ट किया गया-बस तुलना और सब कुछ। इसलिए, मुझे सही मौके नहीं मिले। (वास्तव में) उसके बाद बिल्कुल भी मौका नहीं मिला। (मुझे बुलाया गया) मोटा, और यह और वह है बस। उन्होंने याद किया कि सलमान खान अभिनीत फिल्म रेडी में उनके डांस नंबर कैरेक्टर ढीला ने धारणाओं को बदलने में कुछ हद तक मदद की। लोग ऐसे थे, वह ऐसी भी दिख सकती है। उसने अपना वजन कम किया है, अच्छा। फिर हेट स्टोरी आई और लोगों ने कहा कि वह बहुत हॉट है। फिर भी, जरीन को तब अस्वीकार कर दिया गया जब उसने ऐसी भूमिकाओं की तलाश की, जो उसे चित्रित करने के लिए कुछ सार्थक दे। उन्होंने कहा, उसके बाद जब मैंने लोगों से इतनी हॉट भूमिकाओं या मिलने की कोशिश की, जिसके लिए मुझे कुछ सार्थक या गंभीर भूमिका निभाने को मिल सके। तो मुझे अस्वीकार कर दिया गया और मुझे हमारे उद्योग में बताया गया कि यह एक धारणा है कि सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं हैं। उन्होंने कहा, इसका क्या मतलब है? अगर आप मुझे सुंदर मानते हैं तो आप मुझे मौका नहीं देंगे यह कितना अनुचित है। 34 वर्षीय ने ग्लैमरस होने से जुड़ी सभी चीजों से ब्रेक ले लिया। उन्होंने जोर दिया कि मैं हकीकत में लोगों के लिए एक ग्लैमरस चेहरे से ज्यादा मुझे देखने के लिए सचेत कोशिश करना चाहती हूं।

वजन कम करने में मदद करेगी पत्तागोभी, ऐसे करें इस्तेमाल

वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह की चीजों का सहारा लेते हैं. कई चीजों को अपनी डाइट चार्ट से हटाते हैं तो कई चीजों को डाइट में शामिल करते हैं. अगर आप चाहें तो वजन कम करने के लिए एक और चीज़ को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं और वो है पत्तागोभी (). ये वजन कम करने में तो आपकी मदद करेगा ही साथ ही इसमें मौजूद पोषक तत्व आपकी सेहत को भी कई तरह के फायदे पहुंचायेंगे. वजन कम करने के लिए पत्तागोभी को किस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है आइये जानते हैं.

पत्तागोभी में होते हैं ये पोषक तत्व: पत्तागोभी में विटामिन के, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन बी6, फोलेट के साथ पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फास्फोरस, ज़िंक, सोडियम, कोलिन, नियासिन, राइबोफ्लेविन, थायमिन और मैंगनीज जैसे तत्व पाए जाते हैं. ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है.

ऐसे करें इस्तेमाल: वजन कम करने के लिए पत्तागोभी का इस्तेमाल सूप के तौर पर करना बेहतर होता है. इसके सेवन से पेट जल्दी भरता है और बार-बार भूख का एहसास नहीं होता है.

इन चीजों की होगी ज़रूरत: एक पत्ता गोभी, दो बड़े प्याज़, दो-तीन हरी मिर्च, एक बड़ा टमाटर, हरा धनिया, स्वादानुसार नमक और कालीमिर्च लें. पत्तागोभी को कद्दूकस कर के धो लें. प्याज़, टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया को बारीक काट लें.

ऐसे करें सूप तैयार: एक कढ़ाही में एक छोटा चम्मच तेल डालकर गर्म कर लें. इसके गर्म हो जाने के बाद इसमें कटा हुआ प्याज़ डाल दें। इनको गोल्डन ब्राउन हो जाने तक फ्राई कर लें. फिर कढ़ाही में कद्दूकस की हुई पत्तागोभी डालें और नमक भी डाल दें. इसके बाद चार-पांच कप पानी डालकर कढ़ाही को ढक्कन या प्लेट से ढक दें. इसको मीडियम फ्लेम पर तकरीबन दस मिनट तक पकने दें. इसके बाद इसमें टमाटर और कालीमिर्च एड कर दें. इसके बाद पांच मिनट तक और पकने दें।

मोना सिंह पांच साल बाद शो होस्ट करती आएंगी नजर

टीवी के फेमस शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं' की जस्सी उर्फ मोना सिंह को लोग काफी दिनों से मिस कर रहे हैं. जस्सी के रोल में शानदार एक्टिंग की वजह से मोना सिंह घर-घर में फेमस हो गईं. इस शो के बाद मोना सिंह ने कई शोज में काम किया.

बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी उन्हें काम मिला लेकिन अचानक ही पर्दे से दूर हो गई. खबरों की मानें तो जल्द ही मोना सिंह एक क्राइम शो होस्ट करते नजर आने वाली हैं.

'कॉमेडी नाइट्स बचाओ' के करीब 5 साल बाद मोना सिंह छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं: रिपोर्ट्स की मानें तो क्राइम शो 'मौका-ए-वारदात 2' को होस्ट करने वाली हैं. मोना की पर्सनैलिटी भी ऐसे शो के लिए सूटेबल है. खबर है कि शो में मोना के साथ एक्टर रवि किशन भी नजर आएंगे. मोना के लिए इस तरह के शो होस्ट करने का यह पहला मौका है. इसलिए वह खासा एक्साइटेड भी हैं. हालांकि वे क्राइम शो सीआईडी में काम कर चुकी हैं. मोना सिंह ने बताया कि 'मैं मौका-ए-वारदात 2' शो के लिए काम करने वाली हूं. क्राइम मेरा पसंदीदा टॉपिक रहा है, इसलिए इस शो को लेकर मैं बेहद एक्साइटेड भी हूं। इस फिल्म की शूटिंग की जगह, क्रू के साथ-साथ शूटिंग से संबंधित सभी चीजों पर काम चल रहा है. जल्द ही सारी तैयारी के साथ शूटिंग शुरू हो जाएगी'. बता दें कि मोना सिंह ने 'जस्सी जैसी कोई नहीं', 'झलक दिखला जा', 'राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगी', 'कॉमेडी नाइट्स बचाओ' जैसे शो में अपना दमखम दिखाया है।

लाउडस्पीकर विवाद

महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच लगातार जुबानी जंग जारी है। मामले को अधिक तूल पकड़ता देख महाराष्ट्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, मगर भाजपा और मनसे ने इससे दूरी बनाए रखी। इस बैठक से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी दूरी बना ली। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की गिरफ्तारी मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर बड़ा हमला बोला है। फडणवीस ने राणा दंपती की गिरफ्तारी को गलत ठहराया है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। वहीं भाजपा नेता किरीट सोमैया पर हमले का मामला अब दिल्ली पहुंच चुका है। इस मामले में अब भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली जाकर गृह सचिव से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा है साथ ही किरीट सोमैया मामले को भी उठाया। महाराष्ट्र में अचानक से बदले राजनीतिक घटनाक्रम को देखें तो यह बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। उद्धव सरकार जाएगी या बचेगी, सवाल यह नहीं है। भाजपा जिस तरह से एक के बाद एक घटनाक्रम को अंजाम दे रही है, उसके सियासी मायने बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज ठाकरे की लाउडस्पीकर हटाने की मांग, नवनीत राणा की मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान, करीट सोमैया पर हमला यह सब अचानक नहीं है। महाराष्ट्र में राजनीतिक हवाएं बड़ी तेजी से बदल रही हैं। इन हवाओं की चपेट में सत्ताधारी दल शिवसेना तो है ही, साथ में महाविकास अघाड़ी को अस्थिर करने का भी पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है। महाराष्ट्र में आक्रामक रवैये वाली शिवसेना को अपने अहम मुद्दों पर कमजोर पड़ती धार से उसका न सिर्फ नुकसान हो रहा है, बल्कि वह अपने धुर विरोधी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे को आगे बढ़ने का मौका भी दे रहे हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में बनते बिगड़ते तमाम हालातों को लेकर भाजपा के नेता जिस तरीके से केंद्रीय गृह सचिव से मिले हैं, उससे अगले कुछ दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में कई तरह के तूफान आने की आशंका बनी हुई है। शिवसेना जब से अपने नए गठबंधन के साथ सरकार में आई है, तब से उसके कड़क हिंदुत्व वाले मिजाज में न सिर्फ कमी आई है, बल्कि गठबंधन की मजबूरी से सरकार चलाने की स्थितियां स्पष्ट देखी जा रही हैं। जिस तरीके से कड़क हिंदुत्व के मुद्दे पर शिवसेना आगे आती थी, वही अब उस पर बैकफुट पर है। इसी कमी को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे बढ़-चढ़कर आगे आए हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सड़कों पर हनुमान चालीसा के पाठ के बाद से हिंदुत्व की धुरी बनने की पूरी योजना बना रही है। शिवसेना की गठबंधन में होने की मजबूरी के चलते राज ठाकरे को इससे फायदा भी मिल सकता है। हालांकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के उग्र हिंदुत्व की धुरी से राज ठाकरे को चुनाव में कितना फायदा होगा, इसके बारे में अभी कहना बहुत जल्दी होगा। लेकिन उनका कहना है कि शिवसेना आरोप लगा रही है कि राज ठाकरे के माध्यम से भाजपा अपने हित साधने की कोशिश कर रही है। इस पूरे मामले में एक तरीके से महाराष्ट्र में हाशिए पर पड़ी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। जिस मुद्दे पर शिवसेना कभी राज्य में सबसे आगे हुआ करती थी, अब उसी पर एक बार फिर से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है। कभी हिंदुत्व और यूपी-बिहार के लोगों का मुद्दा बनाकर सड़कों पर उतरने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना विधानसभा में 13 विधायकों के साथ बड़ा प्रतिनिधित्व करती थी, लेकिन अब ये मुद्दे उतने प्रभावी नहीं रहे, तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एक विधायक के साथ विधानसभा में सिमट कर रह गई।

सत्य के साथ सामाजिक दायित्व का निर्वाह भी करती है पत्रकारिता

प्रवीण कक्कड़

एक जमाने में कहा जाता था कि भारतीय समाज में 3 सी सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। सिनेमा, क्रिकेट और क्राइम। लेकिन आज के सार्वजनिक संवाद को देखें तो इन तीनों से ज्यादा लोकप्रिय अगर कोई चीज है तो वह है पत्रकारिता। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल अपने इन तीनों स्वरूपों में पत्रकारिता 24 घंटे सूचनाओं की बाढ़ समाज तक पहुंचाती है और लोगों की राय बनाने में खासी मदद करती है।

जैसे-जैसे समाज जटिल होता जाता है, वैसे वैसे लोगों के बीच सीधा संवाद कम होता जाता है और वे सार्वजनिक या उपयोगी सूचनाओं के लिए मीडिया पर निर्भर होते जाते हैं। उनके पास जो सूचनाएं ज्यादा संख्या में पहुंचती हैं, लोगों को लगता है कि वही घटनाएं देश और समाज में बड़ी संख्या में हो रही हैं। जो सूचनाएं मीडिया से छूट जाती हैं उन पर समाज का ध्यान भी कम जाता है। आजकल महत्व इस बात का नहीं है कि घटना कितनी महत्वपूर्ण है, महत्व इस बात का हो गया है कि उस घटना को मीडिया ने महत्वपूर्ण समझा या नहीं।

जब मीडिया पर इतना ज्यादा एतबार है तो मीडिया की जिम्मेदारी भी पहले से कहीं अधिक है। आप सब को अलग से यह बताने की जरूरत नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के अलावा मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। मजे की बात यह है कि बाकी तीनों स्तंभ की चर्चा हमारे संविधान में अलग से की गई है और उनके लिए लंबे चौड़े प्रोटोकॉल तय हैं। लेकिन मीडिया को अलग से कोई अधिकार नहीं दिए गए हैं। संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी का जो अधिकार प्रत्येक नागरिक को हासिल है, उतना ही अधिकार पत्रकार को भी हासिल है। बाकी तीन स्तंभ जहां संविधान और कानून से शक्ति प्राप्त करते हैं, वही मीडिया की शक्ति का स्रोत सत्य, मानवता और सामाजिक स्वीकार्यता है। अगर मीडिया के पास नैतिक बल ना हो तो उसकी बात का कोई मोल नहीं है। इसी नैतिक बल से हीन मीडिया के लिए येलो जर्नलिज्म या पीत पत्रकारिता शब्द रखा गया है। और जो पत्रकारिता नैतिक बल पर खड़ी है, वह तमाम विरोध सहकर भी सत्य को उजागर करती है। संयोग से हमारे पास नैतिक बल वाले पत्रकारों की कोई कमी नहीं है।

मीडिया को लेकर आजकल बहुत तरह की बातें कही जाती हैं। इनमें से सारी बातें अच्छी हो जरूरी नहीं है। पत्रकारिता बहुत से मोर्चों पर दृढ़ता से खड़ी है, तो कई मोर्चों पर चूक भी जाती है। आप सबको पता ही है की बर्नार्ड शॉ जैसे महान लेखक मूल रूप से पत्रकार ही थे। और ब्रेंट्रेड रसैल जैसे महान दार्शनिक ने कहा है कि जब बात निष्पक्षता की आती है तो असल में सार्वजनिक जीवन में उसका मतलब होता है कमजोर की तरफ थोड़ा सा झुके रहना। यानी कमजोर के साथ खड़ा होना पत्रकारिता की निष्पक्षता का एक पैमाना ही है।

पत्रकारिता की चुनौतियों को लेकर हम आज जो बातें सोचते हैं, उन पर कम से कम दो शताब्दियों से विचार हो रहा है। भारत में तो हिंदी के पहला अखबार उदंत मार्तंड के उदय को भी एक सदी बीत चुकी है। टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदू जैसे अखबार एक सदी की उम्र पार कर चुके हैं।

दुनिया के जाने माने लेखक जॉर्ज ऑरवेल ने आधी सदी पहले एक किताब लिखी थी एनिमल फार्म। किताब तो सोवियत संघ में उस जमाने में स्टालिन की तानाशाही के बारे में थी

लेकिन उसकी भूमिका में उन्होंने पत्रकारिता की चुनौतियां और उस पर पड़ने वाले दबाव का विस्तार से जिक्र किया है।

जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा की पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि कोई तानाशाह उसे बंदूक की नोक पर दबा लेगा या फिर कोई धन्ना सेठ पैसे के बल पर पत्रकारिता को खरीद लेगा लेकिन इनसे बढ़कर जो चुनौती है वह है भेड़ चाल। यानी एक अखबार या एक मीडिया चैनल जो बात दिखा रहा है सभी उसी को दिखा रहे हैं। अगर किसी सरकार ने एक विषय को जानबूझकर मीडिया के सामने उछाल दिया और सारे मीडिया संस्थान उसी को कवर करते चले जा रहे हैं, यह सोचे बिना कि वास्तव में उसका सामाजिक उपयोग कितना है या कितना नहीं। बड़े संकोच के साथ कहना पड़ता है कि कई बार भारतीय मीडिया भी इस नागपाश में फंस जाता है। सारे अखबारों की हैडलाइन और सारे टीवी चैनल पर एक से प्राइमटाइम दिखाई देने लगते हैं।

भारत विविधता का देश है, अलग-अलग आयु वर्ग के लोग यहां रहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षा अलग है और उनके भविष्य के सपने भी जुदा हैं। ऐसे में पत्रकार की जिम्मेदारी है कि हमारी इन महत्वाकांक्षाओं को उचित स्थान अपनी पत्रकारिता में दें। वे संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करें। कमजोर का पक्ष ले। देश की आबादी का 85त्न हिस्सा मजदूर और किसान से मिलकर बनता है। ऐसे में इस 85त्न आबादी को भी पत्रकारिता में पूरा स्थान मिले।

मैंने तो बचपन से यही सुना है कि पुरस्कार मिलने से पत्रकारों का सम्मान नहीं होता, उनके लिए तो लीगल नोटिस और सत्ता की ओर से मिलने वाली धमकियां असली सम्मान होती हैं। राजनीतिक दल तो लोकतंत्र का अस्थाई विपक्ष होते हैं, क्योंकि चुनाव के बाद जीत हासिल करके विपक्षी दल सत्ताधारी दल बन जाता है और जो कल तक कुर्सी पर बैठा था, वह आज विपक्ष में होता है। लेकिन पत्रकारिता तो स्थाई विपक्ष होती है। जो सत्ता की नाकामियों और उसके काम में छूट गई गलतियों को सार्वजनिक करती है ताकि भूल को सुधारा जा सके और संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों के मुताबिक राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

मध्यप्रदेश इस मामले में हमेशा से ही बहुत आगे रहा है प्रभाष जोशी और राजेंद्र माथुर जैसे प्रसिद्ध संपादक मध्य प्रदेश की पवित्र भूमि की ही देन हैं। आज भी राष्ट्रीय पत्रकारिता के क्षेत्र पर मध्य प्रदेश के पत्रकार अपनी निष्पक्षता की छाप छोड़ रहे हैं। आशा करता हूं 21वीं सदी के तीसरे दशक में भारतीय पत्रकारिता उन बुनियादी मूल्यों का और दृढ़ता से पालन करेगी जिन्हें हम शास्त्रत मानवीय मूल्य कहते हैं।

संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, %महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं।% सेठ की बात सुनकर संत बोले, %मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा।% यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, %यह हलवा इस कमंडल में डाल दो।% सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, %महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा।% यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, %वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है।

इस्लामः हाफ़िज़ ख़ुदा तुम्हारा

तनवीर जाफ़री

एक बार फिर रमज़ान जैसे पवित्र एवं इबादत के महीने में अफ़ग़ानिस्तान के मज़ार-ए-शरीफ़ शहर और क़ुंदुज़ शहर में मस्जिद के पास हुये बम धमाकों में 15 लोगों की मौत और 65 से अधिक गंभीर रूप से ज़ख़्मी हुये हैं। ख़बर है कि इन हमलों की ज़िम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है। और हमलों के मास्टर माइंड आईएसआईएस का प्रमुख ऑपरेटिव अब्दुल हमीद संगयार नमक व्यक्ति को गिरफ़्तार भी किया गया है। इस घटना ने एक बार फिर पूरे विश्व का ध्यान अफ़ग़ानिस्तान की ओर आकर्षित किया है। इस घटना के मात्र दो दिन पूर्व ही काबुल के पास अब्दुल रहीम शाहिद हाई स्कूल में तीन धमाके हुए थे। इसमें छह लोगों की मौत की ख़बर आई थी और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुये थे।इसके पहले भी गत वर्ष 8 मई को राजधानी काबुल में एक स्कूल के पास एक बड़ा बम ब्लास्ट किया गया था। इस घटना में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई थी जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। उसके बाद 14 नवंबर 2021 को काबुल के ही एक शिया बाहुल्य क्षेत्र में बम ब्लास्ट हुआ जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुये। इस घटना के अगले ही दिन 15 नवंबर 2021 को कंधार प्रांत की एक मस्जिद में धमाका हुआ था जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 40 लोग घायल हो गए थे। अफ़ग़ानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के गत वर्ष पुनः जबरन क़ब्ज़ा करते ही काबुल के एयरपोर्ट के पास तीन धमाके हुए थे। इन धमाकों में भी 100 से अधिक लोगों की मौत हुई थी जबकि 120 से अधिक लोग घायल हुए थे।

माह-ए-रमज़ान में भूखे प्यासे रोज़दार बेगुनाह नमाज़ियों की हत्यायें,रोज़दार नमाज़ियों को कभी बमों के विस्फ़ोट से मारना तो कभी आत्मघाती हमलावर द्वारा स्वयं को ही ब्लास्ट कर निहत्थे लोगों की जान लेना,कभी स्कूल्स की बिल्डिंग उड़ा देना तो कभी स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चों की सामूहिक हत्यायें कर देना,कभी मुहर्रम के जुलूस में शामिल सोगवारों को आत्मघाती हमले का शिकार बनाना,कभी

दरगाहों व इमामबाड़ों पर हमले,कभी गुरुद्वारों पर हमले तो कभी अन्य धर्मों के आराध्य बुतों को ध्वस्त करना,आम लोगों की भीड़ के बीच कभी किसी मर्द को तो कभी किसी औरत को कोड़ों से मारना,कभी गोली से उड़ा देना गोया ज़ुल्म और दहशत की इबारतें लिखने में माहिर तालिबान हों या इस्लामिक स्टेट के आतंकी अथवा अलक़ायदा या इसी विचारधारा के अन्य कई आतंकी संगठन, ये अपनी इन्हीं अमानवीय व दहशतगर्द कारगुज़ारियों को इस्लामी कारगुज़ारी बताते हैं । कौन मुसलमान है और कौन नहीं दुर्भाग्यवश, इसका %प्रमाण पत्र% भी प्रायः यही संगठन बांटते रहते हैं।

मुसलमान इस्लाम को चाहे जितना शांति सद्भाव तथा समानता वाला धर्म क्यों न बतायें परन्तु अपने उद्भव काल से ही यानी इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व अंतिम पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद के जीवन काल में ही इस्लाम उदार व कट्टरवाद की दो अलग अलग धाराओं में बंट गया था। मस्जिदों में नमाज़ियों को क़त्ल करने की प्रवृति भी कोई नई नहीं है। यह तालिबान,इस्लामिक स्टेट अथवा अलक़ायदा द्वारा शुरू किया गया सिलसिला नहीं है। बल्कि इसकी शुरुआत 19 रमज़ान 40 हिजरी तदानुसार 26 जनवरी 661 ईस्वी को उसी समय हो गयी थी जबकि पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद के चचेरे भाई और दामाद अर्थात हज़रत मुहम्मद की इकलौती बेटी हज़रत फ़ातिमा के पति हज़रत अली को इराक़ के कूफ़ा शहर की मशहूर %मस्जिद-ए-कूफ़ा% में नमाज़ अदा करते वक़्त उस समय शहीद किया गया था जबकि वे नमाज़ में सजदे की हालत में थे। उनका हत्यारा इब्न-ए-मुल्जिम था। सोचने का विषय है कि जिन हत्यारों ने अफ़ग़ानिस्तान में शियों की सामूहिक हत्या करने के लिये उसी दिन (19 रमज़ान) का चुनाव किया हो उनका आदर्श व प्रेरक हज़रत अली का हत्यारा इब्न-ए-मुल्जिम नहीं तो और कौन हो सकता है ? इसी तरह मुहर्रम के जुलूस और इमाम बारगाहों पर इनके हमले उन शिया मुसलमानों पर होते हैं जो हज़रत मुहम्मद के नाती और अली व फ़ातिमा के बेटे हज़रत इमाम हुसैन व उनके उन 72 परिजनों व साथियों की शहादत का ग़म मनाते हैं।

(कहानी) टिफिन

डॉ श्रीगोपाल नारसन

कोरोना अपने यौवन पर था।लॉकडाउन का सन्नाटा दूर तक पसरा था।सबलोग घरों में कैद होकर कोरोना से दूरी बनाए हुए थे,फिर भी जो कोरोना के आगोश में पहुंच गए उनमे अधिकांश घर मे ही एक कमरे के अंदर आइसोलेशन में थे।जिनकी सांस उखड़ रही थी उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था।बैड कम और मरीज ज्यादा होने के कारण कुछ अस्पताल के अंदर तो कुछ अस्पताल से बाहर ठीक होकर परिजनों के बीच लौटने या फिर महा प्रयाण पर जाने का इंतज़ार कर रहे थे।लेकिन मुजफ्फरनगर की कोठी नम्बर चार सौ ,जो एक पॉश कॉलोनी की सबसे बेस्ट लोकेशन में है ,के अंदर की हलचल पिछले बीस दिनों से ग़ायब थी।अब तो बदबू भी कोठी से आने लगी थी।पड़ौसियों का भी उस बदबू के कारण रहना नामुमकिन हो गया था।लग रहा था कोठी के अंदर रह रहे बुजुर्ग दम्पत्ति अब शायद ही इस दुनिया मे हो।लेकिन करे तो क्या करे?किसी की भी कोठी के अंदर जाकर हकीकत जानने की हिम्मत नही हो रही थी।पुलिस को भी सूचना दी गई।गश्ती पुलिस आई भी,लेकिन सड़क पर डंडा फटकार कर और पड़ौसियों को नसीहत देकर चली गई।जब तुम इतनी बदबू में नही जा सकते, हमसे ही उम्मीद क्यो करते हो।आखिर हम भी बाल बच्चे वाले है।कोरोना पुलिस को न हो सकता हो ,ऐसा भी नही है।हा, जब कोई अंदर घुसने वाला मिल जाए और कोई अनहोनी की बात हो तो हमे खबर कर देना,यह कहकर पुलिस चली गई।समय ज्यो की त्यों बनी हुई थी।मजबूर होकर किसी ने

शहर में कोरोना रोगियों की मदद कर रहे होनहार युवक प्रवीण को बुलवाया।प्रवीण ने भी कोठी में अंदर घुसने का प्रयास किया तो बदबू के भभकारे से उसके कदम ठहर गए।लेकिन उसने हिम्मत नही हारी और कही से पीपीई किट व छोटे वाला आक्सीजन सिलेंडर लेकर आया और उसे पहनकर आक्सीजन सिलेंडर नाक पर लगाकर अंदर घुस गया।अंदर का नज़ारा बड़ा ही विभत्स और डरावना था।जगह जगह मल मूत्र फैला था,वही एक बुजुर्ग फर्श पर बेहोश पड़ा था,लेकिन उसकी सांसे चल रही थी,पास ही एक बुजुर्ग महिला उकड़ू बैठी जड़वत सी हो गई थी।लग रहा था ,शायद मर गई ,लेकिन मर गई होती तो लुढ़क गई होती,यूं बैठी न रहती।प्रवीण उन्हें इसी हालत में छोड़कर कोठी से बाहर आ गया।उसने अंदर का आंखों देखा हाल पड़ौसियों को ब्यान भी किया और मदद के लिए दो युवक देने की अपील पड़ौसियों से की,जिसके लिए कोई तैयार नही हुआ।आखिर प्रवीण ने दो सफाई कर्मियों को बुलवाया, वे कोठी के अंदर भी गए लेकिन गंदगी देख उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए।जब जायज़ पैसों व जज्बात से बात नही बनी तो सफाईकर्मियों को उंक्त कोठी में सफाई के लिए पांच पांच हजार रुपये की ऑफर दी गई।जिसपर पैसा जीत गया और उन्होंने प्रवीण के साथ मिलकर पांच घण्टे की कठिन मेहनत के बाद कोठी को साफ किया ।साथ ही बुजुर्ग दम्पत्ति को भी नहला कर इस लायक कर दिया कि उन्हें डॉक्टर को दिखाया जा सके।डॉक्टर ने बुजुर्ग दम्पत्ति की चिकित्सीय जांच की तो पाया उन्हें कोरोना नही था,केवल बुखार था।कई दिनों तक कुछ न खा पाने के कारण वे मरणासन्न से हो गए थे,उनका एकाकीपन व असहाय होने के कारण मौके पर ही मल मूत्र की विवशता ने उन्हें विक्षिप्त सा बना दिया था।लगभग एक हप्ते के इलाज व भरपूर खाना समय से प्रवीण द्वारा उपलब्ध कराते रहने से बुजुर्ग दम्पत्ति सामान्य होने लगे थे।एक दिन बुजुर्ग दम्पत्ति ने प्रवीण से उसके घर ले चलने की इच्छा व्यक्त की।लेकिन अभी उनमे कमजोरी बाकी थी ,इसीलिए वह लगभग पन्द्रह दिन तक उन्हें आज या कल अपने घर ले जाने का बहाना कर टालता रहा।अंततः एक दिन जब बुजुर्ग दम्पत्ति पूरी तरह से ठीक हो गए ,प्रवीण ने उनसे कहा कि मैं कार लेकर आता हूँ,आज आपको अपने घर लेकर चलूंगा।इस पर बुजुर्ग दम्पत्ति बहुत खुश हुए और बोले,÷आपको कार लाने की आवश्यकता नही है ,ये लो चाबी ?चार कारे गैराजों में खड़ी है।

सूडोकु नवताल- 6053

✶✶✶✶✩ मध्यम

7	4	6		1		8		2
	5		8		7			
9				6				
	6		7	9		5		3
5				4				1
3		1		8	2		7	
				5				6
			4		3		9	
4		3		2		1	5	7

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6052 का हल

8	7	9	4	2	5	6	1	3
5	6	3	8	1	7	4	2	9
4	1	2	6	9	3	5	8	7
1	9	8	3	7	4	2	6	5
7	3	4	2	5	6	8	9	1
2	5	6	1	8	9	7	3	4
9	8	5	7	3	2	1	4	6
6	2	7	9	4	1	3	5	8
3	4	1	5	6	8	9	7	2

फ्रांस में फिर मेक्रों

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

फ्रांस में इमेनुएल मेक्रों फिर से राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं। 20 वर्षों में यह दूसरा मौका है, जब कोई नेता लगातार दूसरी बार फ्रांस का राष्ट्रपति बना है। मेक्रों दूसरी बार भी जीत गए लेकिन दो तथ्य ध्यान देने लायक हैं। पहला, 2017 के पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में मेक्रों को वोट कम मिले। पिछले चुनाव में उन्हें अपने प्रतिद्वंदी मरीन ल पेन से लगभग दुगुने वोट मिले थे लेकिन इस बार यह फासला काफी कम हो गया। मेक्रों को 58.5 प्रतिशत तो ल पेन को 41.5 प्रतिशत वोट मिले। चुनाव के दौरान अफवाहें तो यह भी थीं कि ल पेन मेक्रों को हरा सकती थीं। ल पेन एक ऐसी फ्रांसीसी महिला नेता हैं, जो धुर दक्षिणपंथी हैं। जबकि मेक्रों वामपंथी नहीं हैं। वे मध्यममार्गी हैं। फ्रांस के इस चुनाव ने लोगों का दम फूला रखा था। यदि ल पेन जीत जातीं तो लोगों को डर था कि वे यूक्रेन के मामले में रूस का समर्थन कर देतीं, क्योंकि व्लादिमीर पूतिन से उनके संबंध काफी अच्छे हैं। वे उग्र राष्ट्रवादी हैं। इसलिए शंका यह भी थी कि जैसे ब्रिटेन यूरोपीय संघ से बाहर निकल आया, ल पेन फ्रांस को भी यूरोपियन संघ और शायद नाटो से भी बाहर निकालने की कोशिश करें। मेक्रों के वोट इतने कम हो गए और ल पेन जीत नहीं पाई, इसका एक कारण यह भी रहा कि 28 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान में भाग ही नहीं लिया। इस बीच फ्रांस में बेरोजगारी और मंहगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी थी। मेक्रों ने पिछले चुनाव में बढ़-चढ़कर जो दावे किए थे, उन्हें वे जमीन पर नहीं उतार सके। मेक्रों ने अपनी जीत के बाद जो बयान दिया, वह फ्रांस की राजनीति का प्रामाणिक आईना है। उन्होंने कहा है कि उनकी समस्त कमजोरियों के बावजूद फ्रांस की जनता ने उन्हें इसीलिए जिताया है कि वह फ्रांस को दक्षिणपंथी उग्रवादियों के हवाले नहीं करना चाहती। जून में होनेवाले संसदीय चुनाव में भी मेक्रों की जीत की संभावना काफी अच्छी है। मेक्रों की उम्र इस समय सिर्फ 44 साल है। वे राजनीति में आने के पहले बेंकर थे। उम्मीद है कि वे अगले पांच साल में फ्रांस की आर्थिक स्थिति में कई सुधार ले आएंगे। उन्होंने इस्लामी उग्रवादियों को काबू करने के लिए कई प्रतिबंध लगाए हैं लेकिन वे ल पेन की तरह इस्लाम-द्रोह से ग्रस्त नहीं हैं। विदेश नीति के मामले में भी उन्होंने न तो अमेरिका-विरोधी मोर्चा खोला है और न ही वे रूस से दुश्मनी गांठने का दावा करते हैं। उन्होंने यूक्रेन-युद्ध के दौरान पूतिन और झेलेंस्की दोनों से संवाद कायम किया था। भारत से भी पिछले पांच वर्षों में फ्रांस के आर्थिक और सामरिक संबंध घनिष्ट हुए हैं।

डेंगू से बचने मच्छरों से बचाव करें

गरमी के मौसम में मच्छर बढ़ने से डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए डेंगू से बचने मच्छरों से बचाव करें। डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। डेंगू के मच्छर सुबह के समय काटते हैं। डेंगू बुखार में रक्त में मौजूद प्लेटलेट्स तेजी से घटने लगते हैं। शुरुआत में डेंगू बुखार के लक्षणों को पहचानना मुश्किल होता है। 3 से 4 दिन के बाद इसकी पहचान आसानी से की जा सकती है। डेंगू बुखार का सहीं समय पर उपचार नहीं किया गया तो यह जानलेवा साबित होता है। डेंगू से बचने के लिए आराम करने पेय पदार्थ पीने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही आप डेंगू से बचने के लिए घरेलू उपाय भी कर सकते हैं।

डेंगू बुखार के लक्षण

- ठंड लगने के बाद अचानक तेज बुखार चढ़ जाता है।
- सिर, मांसपेशियों, गले और जोड़ों में तेज दर्द होता है।
- आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होता है।
- कमजोरी लगने के साथ भूख न लगना, जी मितलाना और मुंह का स्वाद खराब होने जैसी समस्याएं हो जाती हैं।
- चेहरे, गर्दन और छाती पर लाल-गुलाबी रंग के रैशेज हो जाते हैं।

घरेलू उपचार

- **पपीता-** पपीता का सेवन करने प्लेटलेट्स तेजी से बढ़ती हैं। इसके अलावा पपीता पाचन क्रिया को भी ठीक रखता है। आप पपीते की पत्तियों को कूट कर खा सकते हैं या फिर इनका रस बनाकर पी सकते हैं।
- **नारियल पानी-** डेंगू के बुखार में नारियल पानी बहुत फायदा करता है। नारियल पानी में काफी मिनरल्स मौजूद होते हैं। जो हमारे शरीर को मजबूत करता हैं। इसलिए डेंगू के बुखार में नारियल पानी अधिक से अधिक पीना चाहिए।
- **तुलसी-** डेंगू के बुखार में तुलसी के पत्तों काली मिर्च के साथ गर्म पानी में उबालकर पीना चाहिए। तुलसी के पत्तों में शरीर की रोग प्रतिरोधक बेहतर करने की क्षमता होती है। इसे दिन में कई बार पी सकते हैं।
- **मेथी-** मेथी की पत्तियां उबालकर चाय बनाकर पीने से डेंगू के बुखार में असरकारक होती हैं। मेथी की पत्तियां शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलती हैं। ऐसा होने से डेंगू का वायरस शरीर से निकल जाता है।

अन्य घरेलू उपचार

- घर के आसपास कहीं भी पानी इकठ्ठा ना होने दें। डेंगू मच्छर अधिकतर साफ पानी में ही होते हैं।
- खुद और बच्चों को भी पूरे बाजू के कपड़े पहनने की सलाह दें और रात को सोते वक्त मच्छरदानी का प्रयोग करें। दिन में भी सावधान रहें। कीटनाशक दवाओं का नियमित इस्तेमाल करें। डेंगू मच्छर के अण्डे पानी में छिपे रहते हैं।

अस्थमा हो तो लो-सोडियम आहार लें

अस्थमा फेफड़ों की एक गंभीर बीमारी होती है। अस्थमा के मरीज को सांस लेने में तकलीफ होती है। अस्थमा में श्वास नलियों में सूजन आ जाती है और श्वसन मार्ग सिकुड़ जाता है। बाहरी और आंतरिक अस्थमा दो तरह का होता है। बाहरी अस्थमा धूल जैसे बाहरी एलर्जिक चीजों के कारण होता है। वहीं, आंतरिक अस्थमा में सांसों के जरिए रासायनिक तत्वों के शरीर में अंदर जाने से होता है। अस्थमा की बीमारी का सही समय पर इलाज न किया जाए तो ये जानलेवा साबित होता है। अस्थमा की बीमारी में लो-सोडियम डायट बहुत असरकारक होती है। अस्थमा की बीमारी का सही समय पर इलाज न किया जाए तो ये जानलेवा साबित होता है। अस्थमा की बीमारी में लो-सोडियम आहार लें।

ऐसे करें उपचार

अस्थमा की बीमारी में लो-सोडियम डायट बहुत फायदेमंद साबित होती है। अस्थमा की समस्या होने पर रोजाना सेंधा नमक खाने से आराम मिलता है। इसके साथ ही नमक के पानी से गरारा करने से सूजन, दर्द, सूखी खांसी आदि में राहत मिलता है। इसके अलावा ताजा और फ्रोजन सब्जियों को बिना सॉस के खाने से फायदा होता है। वहीं, ड्राई फ्रूट्स भी अस्थमा को ठीक करने में सहायक होता है।

लक्षण

- बलगम वाली खांसी या सूखी खांसी आना
- में जकड़न होना।
- व्यायाम के दौरान स्वास्थ्य और ज्यादा खराब हो जाना।
- जोर-जोर से सांस लेने से थकान होना।
- सांस लेने में कठिनाई होना।
- सांस लेते समय आवाज आना।
- ठंडी हवा में सांस लेने से हालत गंभीर होना।

कारण

- कारखानों, वाहनों से निकलने वाले धुंआ से
- सर्दी, फ्लू, धूम्रपान, मौसम में बदलाव के कारण
- एलर्जी वाले फूड्स से
- पेट में एसिड की मात्रा अधिक होने से
- दवाइयों, शराब के सेवन से
- आनुवांशिक कारण से

थायराइड का इलाज करें

आधुनिक जीवनशैली से कई कई बीमारियां बढ़ रही हैं। आजकल कई लोग थायराइड बढ़ने से पीढ़ित हैं। एलोपैथी में इसका स्थायी ईलाज नहीं है और जीवन भर दवाएं लेनी होती हैं। अगर आप भी थायराइड से पीड़ित हैं तो कुछ सावधानियां रखकर इसे नियंत्रित कर सकते हैं।

थायरायड ग्रंथि गर्दन में श्वास नली के ऊपर एवं स्वर यन्त्र के दोनों ओर दो भागों में बनी होती है। यह थाइराक्सिन नामक हार्मोन बनाती है जिससे हार्मोन का शरीर के ऊर्जा क्षय, प्रोटीन उत्पादन एवं अन्य हार्मोन के प्रति होने वाली संवेदनशीलता नियंत्रित होती है। थॉयराइड ग्रंथि तितली के आकार की होती है जो गले में पाई जाती है।

यह ग्रंथि शरीर के मेटाबॉल्जिम को नियंत्रण करती है यानि जो भोजन हम खाते हैं यह उसे उर्जा में बदलने का काम करती है।

इसके अलावा यह हृदय, मांसपेशियों, हड्डियों व कोलेस्ट्रोल को भी प्रभावित करती है। आमतौर पर शुरुआती दौर में थायराइड के किसी भी लक्षण का पता आसानी से नहीं चल पाता, क्योंकि गर्दन में छोटी सी गांठ सामान्य ही मान ली जाती है। और जब तक इसे गंभीरता से लिया जाता है, तब तक यह भयानक रूप ले लेता है। जब भी इस हार्मोन का संतुलन बिगड़ने लगता है तब थायरोइड की समस्या होने लगती है। जब भी ये हार्मोन कम होने लगता है तब शरीर का मैटाबोल्ज्म काफी तेज होने लगता है। और शरीर की ऊर्जा जल्दी खत्म जाती है। जिससे सुस्ती,थकान बढ़ने लगती है।

थॉयराइड को माना जाता है, क?योंकि इसके लक्षण ब?यक्ति को धीरे-धीरे पता चलते हैं और जब इस बीमारी का निदान होता है तब तक देर हो चुकी होती है। इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी से इसकी शुरुआत होती है लेकिन ज्यादातर चिकि?त्सक एंटी बॉडी टेस्ट नहीं करते हैं जिससे ऑटो-इम्युनिटी दिखाई देती है। थायराइड में वजन अचानक से बढ़ जाता है या कभी अचानक से कम हो जाता है। इस रोग में काफी दिक्कत होती है। आयुर्वेद में थायराइड को बढ़ने से रोकने के बेहद सफल प्रयोग बताएं गए हैं।

थायरोइड दो प्रकार के होते है

1) **हाइपर थायरोइड:** हाइपर थायरोइड में वजन कम होने लगता है। इसमे हार्ट बिट तेज होने लगता है साथ ही पसीना ज्यादा आता है,हाथ और पैरों में कंपकंपी सी रहती है।

2) **हाइपो थायरोइड:** ये समस्या भी हाइपर थायरोइड से होती है इसमे वजन बढ़ने लगता है, कब्ज रहने लगता है, हमारी स्किन बहुत दरी होने लगती है। आवाज़ भी भारी होने लगती है और चेहरे पे सूजन जैसी समस्या होने लगती है।

थायराइड के लक्षण

1. **वजन बढ़ना:** थायरोइड में वजन बढ़ने लगता है। बॉडी फूलने लगती है। मोटापा और पेट की चर्बी भी बढ़ने लगती है।
2. **कब्ज:** थाइराइड होने पर कब्ज की समस्या शुरू हो जाती है। खाना पचाने में दिक्कत होती है। साथ ही खाना आसानी से गले से नीचे नहीं उतरता।
3 **ठंड ज्यादा लगना:** थाइराइड होने पर आदमी के हाथ पैर हमेशा ठंडे रहते है। मानव शरीर का तापमान सामान्य यानी 98.4 डिग्री फॉरनहाइट (37 डिग्री सेल्सियस) होता है, लेकिन फिर भी उसका शरीर और हाथ-पैर ठंडे रहते हैं।
4 **प्रतिरोधक क्षमता:** प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होना- थाइराइड होने पर शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इम्यून सिस्टम कमजोर होने के चलते उसे कई बीमारियां लगी रहती हैं।
5 **थकान होना :** थाइराइड की समस्या से ग्रस्त आदमी को जल्द थकान होने लगती है। उसका शरीर सुस्त रहता है। वह आलसी हो जाता है और शरीर की ऊर्जा समाप्त होने लगती है।
6 **त्वचा का सूखना या ड्राई होना:** थाइराइड से ग्रस्त व्यक्ति की त्वचा सूखने लगती है। त्वचा में रूखापन आ जाता है। त्वचा के ऊपरी हिस्से के सेल्स की क्षति होने लगती है जिसकी वजह से त्वचा रूखी-रूखी हो जाती है।
7 **जुकाम होना:** थाइराइड होने पर आदमी को जुकाम होने लगता है। यह नार्मल जुकाम से अलग होता है और ठीक नहीं होता है।
8 **डिप्रेशन:** थाइराइड की समस्या होने पर आदमी हमेशा अवसाद में रहने लगता है। उसका किसी भी काम में मन नहीं लगता है, दिमाग की सोचने और समझने की शक्ति कमजोर हो जाती है। याद्दाश्त भी कमजोर हो जाती है।
9. **बाल झड़ना:** थाइराइड होने पर आदमी के बाल झड़ने लगते हैं तथा गंजापन होने लगता है। साथ ही साथ उसके भौहों के बाल भी झड़ने लगते है।
10. सिर ,गर्दन और जोड़ों में दर्द
11 मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और साथ ही साथ कमजोरी का होना भी थायराइड की समस्या के लक्षण हो सकते है।
12. **शारीरिक व मानसिक विकास:** थाइराइड की समस्या होने पर शारीरिक व मानसिक विकास धीमा हो जाता है।
13. भूख कम लगना
14. आवाज़ में भारीपन आने लगता है।
15. चेहरे और बॉडी पर सूजन आने लगती है।

थायरोइड होने के कारण

1) कई बार कुछ दवाओं के साइड इफैक्ट प्रभाव भी थायराइड की वजह होते हैं।

2) अधिक टेंशन लेने से थायरोइड ग्रंथि में बुरा असर पड़ने लगती है। जब तनाव का स्तर बढ़ता है तो इसका सबसे ज्यादा असर हमारी थायरायड ग्रंथि पर पड़ता है। यह ग्रंथि हार्मोन के स्राव को बढ़ा देती है।

3) सोया प्रोटीन, कैप्सूल, और पाउडर के रूप में सोया उत्पादों का जरूरत से ज्यादा प्रयोग भी थायराइड होने के कारण हो सकते है।

4) भोजन में आयोडीन की कमी या ज्यादा इस्तेमाल भी थायराइड की समस्या पैदा करता है।

5) यदि आप के परिवार में किसी को थायराइड की समस्या है तो आपको थायराइड होने की संभावना ज्यादा रहती है। यह थायराइड का सबसे अहम कारण है।

6) थायराइड का अगला कारण है गर्भावस्था (प्रेग्नंसी) जिसमें प्रसवोत्तर अवधि भी शामिल है। गर्भावस्था एक स्त्री के जीवन में ऐसा समय होता है जब उसके पूरे शरीर में बड़े पैमाने पर परिवर्तन होता है, और वह तनाव ग्रस्त रहती है।इस अवधि में थायरोइड होने की संभावना ज्यादा होती है।

7) सिर, गर्दन और चेस्ट की विकिरण थैरेपी के कारण या टोंसिल्स, लिम्फ नोड्स, थाइमस ग्रंथि की समस्या या मुंहासे के लिए विकिरण उपचार के कारण।

8) प्रदूषण का बुरा असर भी थायरोइड होने के कारण हो सकते है। प्रदूसन से हवा में में मोजूद जहरीले कण थायरोइड ग्रंथि को भी नुकसान करते है।

9) थायरायडिस- यह सिर्फ एक बढ़ा हुआ थायराइड ग्रंथि (घेंघा) है, जिसमें थायराइड हार्मोन बनाने की क्षमता कम हो जाती है।

10) थायराइट की समस्या पिट्यूटरी ग्रंथि के कारण भी होती है क्यों कि यह थायरायड ग्रंथि हार्मोन को उत्पादन करने के संकेत नहीं दे पाती।

11) ग्रेव्स रोग थायराइड का सबसे बड़ा कारण है। इसमें थायरायड ग्रंथि से थायरायड हार्मोन का स्राव बहुत अधिक बढ़ जाता है। ग्रेव्स रोग ज्यादातर 20 और 40 की उम्र के बीच की महिलाओं को प्रभावित करता है, क्योंकि ग्रेव्स रोग आनुवंशिक कारकों से संबंधित वंशानुगत विकार है, इसलिए थाइराइड रोग एक ही परिवार में कई लोगों को प्रभावित कर सकता है।

12) रजोनिवृत्ति भी थायराइड का कारण है क्योंकि रजोनिवृत्ति के समय एक महिला में कई प्रकार के हार्मोनल परिवर्तन होते है। जो कई बार थायराइड की वजह बनती है।

थायरोइड टेस्ट कैसे करते है

आपको अगर थायरोइड के लक्षण दिख रहे है तो पहले इसका टेस्ट करवाए। ञ3 ,ञ4,ञस॥ टेस्ट करवाने से शरीर में थायरोइड लेवेल चेक किया जाता है। पुरुषो और महिलाओ में थायरोइड के लक्षण होते है तब व्यक्त का मन किसी काम में नहीं लगता है और डिप्रेशन में आ जाता है। सोचने समझने की ताकत और याददस्त कमजोर होने लगती है।सही समय पर अगर इस रोग को पहचान कर उपचार किया जाए तो इस बीमारी को बढ़ने से रोक सकते है।

थायरोइड के इलाज के लिए घरेलू उपाय

1) **लौकी का रस:** रोज सुबह खाली पेट लौकी का जूस पीने से थायरोइड खत्म करने में मदद मिलती है। रस पीने के आधे घंटे तक कुछ खाये पिये नही ।

2) **तुलसी और एलोवेरा:** दो चम्मच तुलसी के रस में आधा चम्मच एलोवेरा जूस मिला कर सेवन करने से भी थायरोइड की बीमारी से छुटकारा पाने का उतम उपाय है।

3) **लाल प्याज़:** प्याज़ को बीच से काट कर दो टुकड़े कर ले कर ले और रात को सोने से फेले थायरोइड ग्लैंड के आसपास मसाज करे। इसके बाद गर्दन से प्याज्ज का रस धोये नहीं।

4) **हल्दी का दूध:** थायरोइड नियंत्रित करने के लिए आप रोज़ दूध मेन हल्दी को पका कर पिये। अगर हल्दी वाला दूध न पिया जाए तो हल्दी को भून कर इसका सेवन करने से थ्यरोइड कंट्रोल में रेहता है।

5) **कालीमिर्च:** कालीमिर्च भी थायरोइड के लीये बहुत ही फायदेमंद है किसी भी प्रकार से कालीमिर्च का सेवन करे थायरोइड में फायदा मिलेगा।

6) **अश्वगंधा:** रात को रोज सोते समय एक चम्मच अश्वगंधा चूर्ण का सेवन गाय के दूध के साथ सेवन करने से भी थायरोइड में फायदा मिलता है।

7) **हरा धनिया:** थायरोइड में हरा धनिया की चटनी भी बहुत फायदेमंद है। इस चटनी को एक ग्लास पनि में 1 चम्मच घोल कर पिये। इस उपाय को जब भी करे ताज़ी चटनी पीस कर ही करे।

8) **बादाम और अखरोट:** बादाम और अखरोट मेन सेलिनिउम तत्व मोजूद होता है जो थायरोइड के इलाज के लिए बहुत ह फायदेमंद है। इसके रोह सेवन से गले के सूजन में काफी आराम मिलता है।

9) **एक्सर्साइज़ एवं प्राणायाम से थायरोइड का इलाज:** रोज आधा घंटा एक्सर्साइज़ करने से थायरोइड नियंत्रण में रेहता है और बढ़ता भी नहीं है। नियमित रूप से योग और प्राणायाम करने से थायरोइड ठीक कर सकते है। योग के अलावा आप ध्यान भी कर सकते है जिससे आप रिलैक्स होगे और थायरोइड ट्रीटमंट मे भी फायदा मिलेगा। कुछ योगस्सान है जो आप रोज करे उससे आपको काफी सहायता मिलेगी। जैसे की

मतयासन
बिपरितिकरणी
उज्जई प्राणायाम

10) **अदरक:** अदरक में मौजूद गुण जैसे पोटेशियम, मैग्नीश्यिम आदि थायराइड की समस्या से निजात दिलवाते हैं। अदरक में एंटी-इंफलेमेटरी गुण थायराइड को बढ़ने से रोकता है और उसकी कार्यप्रणाली में सुधार लाता है।

11) **दही और दूध का सेवन:** थायराइड की समस्या वाले लोगों को दही और दूध का इस्तेमाल अधिक से अधिक करना चाहिए। दूध और दही में मौजूद कैल्शियम, मिनरल्स और विटामिन्स थायराइड से ग्रसित पुरूषों को स्वस्थ बनाए रखने का काम करते हैं।

12) **मुलेठी का सेवन:** थायराइड के मरीजों को थकान बड़ी जल्दी लगने लगती है और वे जल्दी ही थक जाते हैं। ऐसे में मुलेठी का सेवन करना बेहद फायदेमंद होता है। मुलेठी में मौजूद तत्व थायराइड ग्रंथी को संतुलित बनाते हैं। और थकान को उर्जा में बदल देते हैं। मुलेठी थायराइड में कैंसर को बढ़ने से भी रोकता है।

13) **गेहूं और ज्वार का इस्तेमाल:** थायराइड ग्रंथी को बढ़ने से रोकने के लिए आप गेहूं के ज्वार का सेवन कर सकते हो। गेहूं का ज्वार आयुर्वेद में थायराइड की समस्या को दूर करने का बेहतर और सरल प्राकृतिक उपाय है। इसके अलावा यह साइनस, उच्च रक्तचाप और खून की कमी जैसी समस्याओं को रोकने में भी प्रभावी रूप से काम करता है।

14) **साबुत अनाज:** जौ, पास्ता और ब्रेड़ आदि साबुत अनाज का सेवन करने से थायराइड की समस्या नहीं होती है क्योंकि साबुत अनाज में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन्स आदि भरपूर मात्रा होता है जो थायराइड को बढ़ने से रोकता है।

गर्मियों में मड थैरेपी देती है राहत

मौसम के हिसाब से सेहत की देखभाल अलग-अलग तरीकों से की जाती है। गर्मियों के मौसम में त्वचा समेत कई स्वास्थ्य समस्याओं में मड थेरेपी कारगर साबित होती है।

मड (मिट्टी) में शीतलता प्रदान करने के गुण होते हैं। इसलिए आप गर्मियों में मड थेरेपी ले सकती हैं। इसके लिए मुलतानी मिट्टी का भी इस्तेमाल किया जाता है। पुराने समय में बहुत से रोगों को दूर करने के लिए मड थेरेपी का प्रयोग होता था। अब बदलते वक्त के साथ इस थेरेपी का चलन और बढ़ गया है।

मुहांसे: मड थेरेपी एक बहुत अच्छी डीटॉक्सिफाइंग थेरेपी है। यह चेहरे को डीटॉक्स कर (विषैले तत्व निकालकर) रोम छिद्रों को बंद करने में सहायक है। यदि हम मुलतानी मिट्टी के पेस्ट में नीम की पत्तियों का पेस्ट मिला लें और फिर चेहरे पर लगाएं, तो मुहांसों में राहत मिलती है और त्वचा चमकदार हो जाती है।

पाचन और कब्ज: पेट के निचले हिस्से पर मड पैक लगाने से पाचन में सुधार होता है। यह थेरेपी आंतों की गर्मी को कम करने में बहुत सहायक होती है। यह कब्ज की शिकायत को दूर करने में अहस भूमिका निभाती है। यदि अत्यधिक गैस, एसिडिटी की शिकायत है या फिर पेट में अकसर दर्द रहता है, तो यह प्राकृतिक उपचार फायदेमंद है।

डीहाइड्रेशन: विशेषज्ञों के अनुसार यदि 8 से 10 बार दस्त हो जाएं तो मड पैक पेट के ऊपर लगाने से फायदा होता है। उल्टियां हो रही हों,तो पैक को छाती पर लगाने से आराम मिलता है।

रूखी त्वचा: रूखी त्वचा या त्वचा के ढीलेपन से परेशान हैं, तो मड थेरेपी कारगर उपाय है। यदि मड पैक में थोड़ा-सा ट्रीटी तेल मिला लिया जाए, तो यह थेरेपी तुरंत आराम पहुंचाती है और आप तरोताजा महसूस करेंगे। यह एंटी बैक्टीरियल और एंटी एजिंग का भी काम करती है।

आंखों के लिए: यदि आंखों में सूजन और पानी आने जैसी समस्या है, तो आंखों पर मड पैक लगाएं, आंखों की मांसपेशियों को आराम मिलेगा। इससे आंखों की रोशनी भी बढ़ सकती है।

एग्जिमा : एग्जिमा का इलाज है मड बाथ। इसमें गुलाब जल या कपूर मिलाकर पूरे शरीर पर लगाया जाता है और उसके बाद कंबल से ढका जाता है। एक घंटे बाद व्यक्ति को शावर बाथ कराया जाता है। मिट्टी की स्वाभाविक प्रवृत्ति ठंडी और एंटी टॉक्सिक व डीटॉक्सिफाइंग होने के कारण यदि हम साबुन की जगह मड (मुल्तानी मिट्टी, चिकनी मिट्टी) का प्रयोग करते हैं, तो वह काफी फायदेमंद साबित होती है।

एलर्जी: सोरायसिस और स्किन एलर्जी होने पर नीम का तेल, कपूर, मेथी दाना पाउडर आदि को मड में मिलाकर बालों एवं त्वचा पर लगाने से तुरंत आराम मिलता है। मुलतानी या साफ-सुथरी काली मिट्टी को 12 घंटे भिगोकर फिर उस मिट्टी में एक ग्राम कपूर मिलाकर इसकी मसाज करने से खाज-खुजली की समस्या दूर होती है।

तनाव और बुखार: नेचुरोपैथी में मड थेरेपी से लकवा, गठिया, मोटापा, जोड़ और सिर दर्द जैसी कई बीमारियां ठीक करने का दावा किया जा रहा है। बीमारी के अनुसार 15 से 40 मिनट तक रोजाना मड थेरेपी लेने से आराम मिलता है। अधिक तनाव के कारण कई बार सिर दर्द करने लगता है। ऐसे में मड पैक को माथे पर लगाने से आराम मिलता है। चाहे तो यह पैक सिर में भी लगा सकते हैं। बुखार से राहत पाने के लिए मड पैक को पेट के साथ माथे पर लगाया जा सकता है।

फेफड़ों के लिए: फेफड़ों से संबंधित रोगों में बालू मिट्टी को गर्म कर पोटली बना कर धीरे-धीरे सीने पर सेक करने से आराम मिलता है। खांसी, निमोनिया, कफ, दमा, ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों में यह थेरेपी आराम देती है। गर्म या ठंडे मौसम और रोग की स्थिति के अनुसार गीली चिकनी मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है।

जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा

राकेश परिहार ,पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी, जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव आज शिवपुरी 26 अप्रैल 2022 आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के निर्माण अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने हेतु 27 अप्रैल को प्रातः 11ः00 बजे से दोपहर 3ः30 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न कंपनिय भाग लेगी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने बताया की प्लेसमेंट ड्राइव में क्षेत्र में टरोक्स मेन पावर एंड सिक्योरिटी आई एफ एफ डी लाइन शिवपुरी प्रोड ऑल इन वन एसबीआई लाईफ शिवपुरी ईगल सिक्योरिटी सर्विस द्वारा 10वीं 12वीं स्नातक उत्तरण युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध करवाने हेतु चयनित प्रक्रिया आयोजित करेंगे जिसमें ड्रेसमेकर सेल्स मार्केटिंग सेल्स एजुकेटेड

मास्टर ट्रेनर रिसेप्सनिट बीमा अभिकर्ता सिक्योरिटी गार्ड वर्कर एवं कंप्यूटर आदि पदों पर 18 वर्ष से 35 वर्ष तक की महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा रोजगार मेले में भाग लेने हेतु रोजगार पंजीयन लाना अनिवार्य है इच्छुक आवेदक अथवा आवेदिका जॉब फेयर में भाग लेने हेतु अपने साथी सभी अंकसूची की छाया प्रति आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो आदि लेकर उपस्थित समस्त रोजगार मुखी गतिविधियों में भाग लेने के लिए सैनिटाइजर का उपयोग करना मास्क पहने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने आचार्य देवेन्द्रसागर के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

पुष्पांजली टुडे

मैसूरु ः-कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने आज प्रातः सिद्धलिंगपुरा स्थित महावीर जिनालय में विराजित आचार्य देवेंद्रसागर सूरीश्वर के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद ले कर धर्म चर्चा की द्य बाद में राज्यपाल ने महावीर जिनालय में प्रभु प्रतिमा के समक्ष दीप,धूप प्रज्वलित कर विधिवत आरती की द्य आचार्य ने मंदिर में स्थापित सभी जैन तीर्थंकरों की प्रतिमा की जानकारी दी द्य बाद में भंवरीदेवी अमृतलाल बाफ़णा जैन डायलिसिस सेंटर तथा बाफ़णा आयुर्वेदिक सेंटर का अवलोकन किया द्य जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव प्रवीण दांतेवाड़ीया ने बाफ़णा डायलिसिस सेंटर में जारी जनहित सेवा कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी राज्यपाल को दी द्य ट्रस्टी हंसराज पगारिया ने राज्यपाल का जोधपुरी बंधेज का साफ़ा पहनाकर शाल द्वारा सम्मान किया द्य इस अवसर पर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कांतिलाल चौहान,सचिव प्रवीण दांतेवाड़ीया,सहसचिव घेवरचंद जैन,ट्रस्टी हंसराज पगारिया, जयंतीलाल जैन,भंवरलाल जैन, फुटरमल जैन,राजू जैन,वसंत जैन,मांगीलाल पोरवाल, सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के अध्यक्ष भेरुमल राठोड़,सचिव कांतिलाल गुलेचा,चंपालाल वाणीगोता, सुमतिनाथ जैन नवयुवक मंडल अध्यक्ष जयकुमार सालेचा, सुविधिनाथ राजेन्द्रसूरी जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल हरण, स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष सुभाषचंदधोका,सचिव बुधमल बाघमार, जीतो केकेजी जोन के कोषाध्यक्ष दीपक बोहरा,पार्श्व पद्मावती ट्रस्ट के अध्यक्ष दलीचंद श्रीश्रीमाल,महावीर दिव्य ज्योति ग्रुप की अध्यक्ष पदमा वसंत जैन,ललिता चौहान,मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी के अध्यक्ष सुमतिलाल पगारिया,दिगंबर जैन समाज के प्रकाश जैन,कृष्णायन देशी गौरक्षा शाला उत्तराखंड के दिलीप जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

गेहूँ उपार्जन में 24 हजार 762 किसानों को 344 करोड़ का भुगतान

भोपाल। प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री फेज अहमद किदवई ने बताया कि प्रदेश में गेहूँ की बम्पर पैदावार से उपार्जन की प्रक्रिया तीव्र गति से की जा रही है। रविवार 24 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के विरूद्ध 24 हजार 762 किसानों के खाते में 344 करोड़ की राशि अंतरित की जा चुकी है।

सिविल हॉस्पिटल मैं रिश्वतखोरी जन्म प्रमाण पत्र के बदले लेते है 200-200 रुपए की रिश्वत

गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजली टुडे

अंबाह। अंबाह नगर के सिविल हॉस्पिटल मैं ताल रोड पर रहने वाले मोनू तोमर पुत्र नंदकिशोर तोमर से अंबाह सिविल अस्पताल मैं डाटा एंट्री के पद पर रहते हुए बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के बदले 200 रुपए लिए रिश्वत लेते हुए मोनू तोमर ने डाटा एंट्री ऑपरेटर का वीडियो बनालिया है एवं इसका वीडियो वायरल हो चुका है सबसे मुख्य विषय यह है कि भ्रष्टाचार की जड़ें शासकीय विभागों मैं ही ज्यादातर क्यों पनपती है कोई भी विभाग हो भ्रष्टाचार की खबरें आती है लेकिन उन पर कोई जबाबी करवाही क्यों नही होती बस आश्वासन दे दिया जाता है कार्यवाही नही होती है क्या इन सब मैं संबंधित विभाग के अधिकारियों की सांठ गांठ रहती है कोई निष्पक्ष जांच क्यों नही होती है आगे इस संबंधित विषय मैं कोई करवाही होती है या नही ये चर्चा का विषय है

DGM अम्बाह अभय चोपड़ा का विधुत कर्मियों ने किया स्वागत

पुष्पांजली टुडे

अम्बाह के नए उपमहाप्रबंधक श्री अभय चोपड़ा जी के पदभार ग्रहण करने पर म,प्र, संविदा एवं ठेका कर्मचारी संघ इंटक द्वारा माल्यापण कर भव्य स्वागत किया गया,एवं संघ के अध्यक्ष शैलेष कुचवा द्वारा उनसे निवेदन किया गया कि कर्मचारियो की लंबित समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए।उपमहाप्रबंधक जी ने आश्वसन दिया कि कर्मचारियो की समस्या जल्द हल की जायेगी।स्वागत समारोह में संघ के उपाध्यक्ष आकाश पचौरी,अभिषेक छारी,सलीम खांन, यशवंत रावत,मुकेश गुप्ता, अनुभव मेहरा,शैलेन्द्र तोमर,रजीत भटनागर,संजीव माहौर, मनोज तोमर,इसुब खान,राजवीर गहलोत,हरिमोहन ,मनीष मुदगल, मुकेश पारासर,संदीप,सुशील आदि विधुत कर्मी शामिल थे।

धर्म रक्षा संघ के तत्वावधान में आज जिलाधिकारी कार्यालय में मथुरा के जिलाधिकारी डॉ. नवनीत सिंह चहल का प्रधानमंत्री के द्वारा पुरस्कृत होने के बाद डा.नवनीत सिंह चहल का अभिनंदन किया

हरिनिवस दुबे ब्यूरो

मथुरा धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को माला, शाल और दुपट्टा ओढ़ाकर एक अभिनन्दन पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी डा.नवनीत सिंह चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्राप्त पुरुष्कार चंदौसी के किसानों की मेहनत संतों और बुजुर्गों के आशीर्वाद का परिणाम है।उन्होंने कहा कि मथुरा जिले में भी कुछ ऐसे अभूतपूर्व कार्य की योजना बन रही है जिससे मथुरा जिला भी विश्व मानचित्र पर अपना विशिष्ट स्थान प्राप्त करेगा। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि मथुरा के जिलाधिकारी डॉ.नवनीत सिंह चहल अपने माता-पिता का ही नहीं बल्कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है

ऐसे कर्मठ जिलाधिकारी की आवश्यकता सम्पूर्ण राष्ट्र को है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश जी महाराज ने कहा कि डॉ. नवनीत सिंह चहल ने जिस प्रकार काले चावल की खेती का एक नया विचार चंदौसी में किसानों के बीच रखा वह अपने आप में एक अद्भुत चमत्कारिक कदम था जिससे वहां के किसानों की माली हालत में आशातीत सुधार हुआ। धर्म धर्म रक्षा संघ के संरक्षक डॉ. श्रीमहंत महान आदित्यानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल जैसे युवा अधिकारी के कारण ही एक दिन भारत विश्व गुरु का स्थान प्राप्त करेगा।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय समन्वयक महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि जब से डॉ. नवनीत सिंह चहल ने मथुरा में पदभार ग्रहण किया है तब से उनकी लगन और कार्य के प्रति निष्ठा अद्भुत रही है उन्हें अभी जीवन में बहुत आगे जाना है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री से पुरस्कार प्राप्त कर जिलाधिकारी मथुरा में मथुरा ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ा बढ़ाया है।

हर एक कार्यकर्ता का दर्द मेरा दर्द है: रसाल सिंह

दबोह मण्डल के कार्यकर्ताओं का मिहोनी में बृहद सम्मेलन सम्पन्न

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह- मंगलवार को दबोह क्षेत्र के मिहोनी माता मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी दबोह मण्डल कार्यकर्ताओ का एक बृहद सम्मेलन आयोजित किया गया।जिसमें सर्व प्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पण्डित दीनदयाल उपाध्यय जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के बरिष्ठ नेता पूर्व बिधायक रसाल सिंह जी ने की।मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक चौधरी जी मौजूद रहे।जिसमे रसाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का दर्द मेरा दर्द है।मैं अपने कार्यकर्ता के साथ खड़ा रहूंगा।आप मेरे लिए सर्वोपरि हो उन्होंने कहा कि आप मंडल से लेकर बूथ तक भाजपा को मजबूत करें कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है।वही मुख्याथिति बतौर अशोक चौधरी ने कहा कि 30 साल से कार्यकर्ताओ के संघर्ष का ही नतीजा है।आज लहार विधानसभा क्षेत्र में 55 हजार बोट आये है।वह कार्यकताओ के दम पर ही आये हैं। अब मेरे किसी कार्यकर्ताओ को अकारण कोई भी परेशान नही कर सकता है।कार्यकताओ में मन भेद तो हो सकते है परंतु मतभेद नही होने चाहिए।हम लोग पूरी तरह से तैयार होकर हमे 2023 के चुनाव में लहार में कमल खिलाना है।कार्यकर्ताओ में थोड़ी परिबर्तन की आवश्यकता है।आप अपनी अपनी महत्वाकांक्षाओं को त्याग कर कार्य करे

कार्यकर्ता आगे आने बाले भविष्य के लिए पूरी ताकत के साथ रसाल सिंह जी की नेतृत्व में काम करे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व बिधायक रसाल सिंह ने की ।मंचासीन नेताओ में योगेंद सिंह ÷पप्पू÷ भगवान नायक,असबार मण्डल अध्यक्ष अनूप त्यागी,दबोह मंडल अध्यक्ष देबेन्द्र उपाध्याय,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सन्तोष बोहरे,हरि बाबू निराला,सन्तोष राजपूत पूर्व सरपंच बरूआ,सतेन्द्र राजपूत,महेश मिश्रा पूर्व सरपंच मिहोनी,उमाकांत जी ब्यास,राम लोचन शर्मा,कैलाश मडया, दबोह मंडल महामंत्री राव सहाव गुर्जर,मंडल महामंत्री रविंद चिकवा,कुलदीप यादव,संदीप उदनिया, ह्रदेश नायक,राजा यादव,धर्मेंद पाठक, सुशील गोस्वामी पूर्व मंडल महामंत्री जसवंत दोहरे,अमन गोस्वामी,हरिश्चन्द्र तिवारी,राहुल गुर्जर,लालता कुशवाह,संजीव यादव,दिनेश सिंह,सुनील ,हववर सिंह ,नीलेश सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,काजू राजपूत,धमेंद्र पाल, रामसिया पाल, मुनेश सरपंच बरई,सहित सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन हरि चिकवा ने किया।

नगर परिषद बानमौर अवैध वसूली जोरोपर, पांच रुपए की जगह पांच सौ वसूल रहे दबंग

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

मुरैना । बानमौर में नगर परिषद के ठेकेदार के कर्मचारी बाहरी वाहनों से अवैध वसूली कर रहे हैं। नियमानुसार नगर परिषद ने जो ठेका दिया है उसमें दो से पांच रुपए तक पथकर वसूल करने का अधिकार है लेकिन ठेकेदार के आदमी बाहरी राज्य का नंबर देखकर गाड़ी रोक लेते हैं और 500 से 700 रुपए तक की फर्जी रसीद काटकर अवैध वसूली कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इसका वाहन चालक विरोध नहीं करते हैं। जो विरोध करते हैं उन्हें पीट दिया जाता है। जिससे पिटने के डर से वाहन चालक चुपचाप रुपए देकर निकल जाते हैं। यह दबंगई केवल बाहर के गाड़ी वालों के साथ चल पाती है। स्थानीय स्तर के लोगों से ठेकेदार के आदमी बोलते तक नहीं है।



पुलिस की मिलीभगत से चल रहा धंधा

बताया जा रहा है कि इस अवैध धंधे में स्थानीय पुलिस की मिलीभगत शामिल है। इसकी वजह से नेशनल हाईवे क्रमांक-3 पर इस तरह की अवैध वसूली बदस्तूर जारी है। लोगों का कहना है कि खुलेआम गाड़ियों से अवैध वसूली की जा रही है, और पुलिस को इसका पता न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता है।

नगर परिषद की मिलीभगत शामिल

इस धंधे में नगर परिषद की मिलीभगत बताई जा रही है। बताया जाता है कि इस बात की शिकायत पहले निगम परिषद में की जा चुकी है लेकिन परिषद के अधिकारी कोई न कोई बहाना बनाकर ठेकेदार को बचा ले जाते हैं।

डंडे के बल पर होती वसूली

बता दें कि पथकर वसूल करने वाले ठेकेदार के आदमी डंडे के बल पर वसूली कर रहे हैं। उनके हाथों में लाठी-डंडे होते हैं। अगर कोई रुपए देने में आनाकानी करता है तो उसी पीटने में देर नहीं लगाते हैं। हालांकि रात में पुलिस की गश्त रहती है लेकिन पुलिस उनसे बिल्कुल नहीं बोलती है।

फर्जी रसीदों पर हो रही वसूली

नियमानुसार रुपयों के बदले जो रसीद गाड़ीवालों को दी जाती है उसमें परिषद की मुहर लगी होती है। लेकिन ठेकेदार द्वारा जो रसीद गाड़ी वालों को थमाई जा रही है, उस पर न तो मुहर है और न ही किसी के हस्ताक्षर।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपुरी में जोरदार स्वागत

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के नव निर्वाचित युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुशवाहा जी का शिवपुरी जिले की टीम ने जोरदार स्वागत किया और माला पहनाकर और शॉल श्रीफल देकर उनके नए कार्यकाल की बधाइयां दी इस मौके पर अखिल भारतीय कुशवाह महासभा जिले के अध्यक्ष अवधेश कुशवाहा जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को माला पहनाकर और शॉल श्रीफल से स्वागत स्वागत किया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार शिवपुरी पधारे नरेश कुशवाहा जी नए बनाया की समाज एक पूंजी है जिसको इकट्ठा करके चलना समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी होनी चाहिए जब तक समाज का हर व्यक्ति इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ पालन नहीं करता तो समाज एकत्रित नहीं होगी समाज को एकत्रित करने के लिए समाज के लोगों को जागरूक करना समाज के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है और निरंतर समाज के पदाधिकारी इस कार्य को कर रहे हैं और आगे भी इसी प्रकार समाज को जागरुक करने का कार्य समाज के पदाधिकारियों के द्वारा निरंतर चलता रहेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्वागत करने के लिए जिला अध्यक्ष अवधेश कुशवाहा जी जिला उपाध्यक्ष सोनू कुमार कुशवाहा जी जिला मंत्री मोहन कुशवाहा जी युवा महामंत्री रवि कुशवाह युवा उपाध्यक्ष नीरज कुशवाहा कोषाध्यक्ष अनिल कुशवाह और समाज के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

पोहरी स्वास्थ्य मेले में 1481 रोगियों हुआ उपचार

तत्काल वितरित हुए 275 आयुष्मान कार्ड और 349 हेल्थ आईडी

33 रोगी मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित

अरूण खंगार पुष्पांजली टुडे

शिवपुर। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी में गतदिवस स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण 1481 रोगियों का उपचार हुआ। मेले में 275 आयुष्मान कार्ड तथा 351 हेल्थ आईडी बनाकर तत्काल वितरित की गई। स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ सांसद विवेक नारायण शेजवलकर तथा लोक निर्माण राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ ÷राठखेडा÷ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मेले में स्वास्थ्य लाभ लेने वाले ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मेले की गरिमा बढाई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पोहरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन गरिमामई माहौल में हुआ। मेले में उपस्थित

आमजन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सांसद विवेक शेजवलकर ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया शास्त्रों में बताया गया है। उसी सुख की अनुभूति के लिए इस प्रकार के शिविरों की आवश्यकता है जो छोटे से लेकर बड़े स्वास्थ्य समस्याओं का निदान कर सकें। मल्टी स्पेशियलिटी शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए।

स्वास्थ्य मेले में संबोधित करते हुए प्रदेश के लोक निर्माण राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेडा ने कहा कि पोहरी में मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य मेला पहली बार आयोजित हो रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को जाता है। मध्य प्रदेश सरकार की मंशा सबका साथ सबका विकास है। सरकार अब बुर्जुग माता पिता को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराएगी।

कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष आशुतोष जैमनी ने स्वास्थ्य मेले के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के मेले निरंतर होने पर जोर दिया तथा इस मेले का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष अरविंद धाकड ने भी संबोधित किया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य मेले में पैथोलॉजी जांच, दवाएं, विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण, परिवार कल्याण, एड्स पर परामर्श, कुष्ठ, टी.बी. की जांच, एक्स रे की जांच, मलेरिया स्लाइड सहित अन्य सेवाएं निशुल्क प्रदाय की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज हाइपरटेंशन, डायबिटीज के रोगियों की संख्या 35, स्त्री रोग से पीड़ित 253, नाक कान गले रोग से पीड़ित 51, मानसिक रोगी 12, कुष्ठ रोग के संभावित 21, टीबी रोग से पीड़ित 35, शिशु रोग से ग्रसित 73, नेत्र रोग से पीड़ित 105, ईएनटी रोग 51, दंत रोग के 28, हड्डी रोग से पीड़ित 200, मेडिसिन 485, अस्थमा के 19 कैंसर के 11 तथा हृदय रोग के 26 संभावित रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की गई। स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद पद्धति से 169 रोगियों ने परीक्षण कराकर उपचार प्राप्त किया। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न समस्याओं को लेकर 423 लोगों की ब्लड का निशुल्क परीक्षण कर रिपोर्ट भी तत्काल प्रदान की गई।

स्वास्थ्य मेले में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायत विभाग ने संचालित अपनी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए। इसमें स्वास्थ्य विभाग ने परिवार कल्याण, एड्स, मलेरिया आदि पर जानकारी देने काउंटर लगाए। डॉ.मोना गुप्ता स्त्री रोग, डॉ.आशीष व्यास टीबी रोग, डॉ.चंद्रशेखर गुप्ता मेडीसिन, डॉ.दिनेश अग्रवाल नेत्र रोग, डॉ.ओ.पी.शर्मा अस्थिरोग, डॉ.योगेन्द्र रघुवंशी मानसिक रोग, डॉ.शशि शाक्य दंत रोग, डॉ.देवेन्द्र कौशिक शिशु रोग, सतेन्द्र शर्मा कुष्ठ रोग, डॉ.कोक सिंह उच्चाडिया फिजियोथेरेपिस्ट, श्री रंजीत सिंह ऑडियोलॉजिस्ट, काउंसलर सादिक खान, योग शिक्षक शत्रुघन दीक्षित आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

महेश्वर एवं ग्वालियर किले की छाप वाली चन्देरी एवं वारासिवनी की साड़ियाँ हुई लाँच

भोपाल। संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के अध्यक्ष रणवीर सिंह जाटव ने आज निगम मुख्यालय में महेश्वर एवं ग्वालियर हेरीटेज किले की प्रतिकृतियों की छाप वाली हाथकरघा पर निर्मित चन्देरी साडियों एवं वारासिवनी के मलबरी सिल्क की परम्परागत डिजाइन वाली साड़ियों की लांचिग की। अध्यक्ष रणवीर जाटव ने कहा कि इन साड़ियों की बारीक बुनाई और सुन्दरता से इनकी मार्केटिंग डिमाण्ड बढ़ेगी। साथ ही हाथकरघा की समृद्ध परम्परा का ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में प्रवाहित होगा और राज्य में हस्तशिल्प एवं हाथकरघा और भी समृद्ध होगा। महेश्वर एवं ग्वालियर किले की छाप से साड़ियों को ऐतिहासिक महत्त्व और रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है, जो कि बहुत ही आकर्षक है और लोगों को पसंद भी आ रहा है। एकीकृत क्लस्टर विकास योजना में यह नवाचार किया जा रहा है। अध्यक्ष जाटव द्वारा निगम की गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की गई। निगम की प्रबंध संचालक सह आयुक्त हाथकरघा श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पराली की आग पहुंची घरों तक बुजुर्ग महिला जिंदा जली

सतना। जिले में इस साल पराली (नरवाही) आग का तांडव कर रही है. खेतों, पेड़-पौधों को जलाते हुए अब पराली की आग घरों तक पहुंच गई है. सोमवार शाम पराली की आग ने जिले के ग्रामीण इलाकों में इतना भयानक रूप लिया कि एक बुजुर्ग महिला उसमें जिंदा जल गई. उस वक्त महिला घर में थी और आग ने घर को चारों ओर से घेर लिया था. महिला को बचाने में उसका बेटा और पोता बुरी तरह घायल हो गए. पराली की आग जिले के चार गांवों में फैली रविवार को अहिरगांव गांव में लोगों ने पराली जलाई थी. धीरे-धीरे ये आग फैलती गई और 10 किमी दूर करही गौरा गांव तक पहुंच गई. इस आग की चपेट में दो दर्जन छोटे किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई. वे उस वक्त जानवरों के भूसे के लिए हाथों से फसल काट रहे थे. इस आग ने करही गौरा गांव की आदिवासी बस्ती को चपेट में ले लिया. इस दौरान विकराल लपटों ने बैजनाथ विश्वकर्मा के कच्चे मकान को आगोश में ले लिया और आग पूरे घर मे फैल गई।

सुरखी विधानसभा क्षेत्र के कोरोना काल के 14 करोड़ के बिजली बिल माफ

भोपाल। परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि कोरोना काल के बिजली बिलों के देयक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माफ करने का निर्णय लिया है। राजपूत ने मुख्यमंत्री विद्युत बिल राहत योजना के तहत सुरखी विधानसभा क्षेत्र में आमजन को 14 करोड़ के बिजली बिलों के माफी संबंधी प्रमाण-पत्र वितरित किए। राजपूत ने कहा जिन लोगों ने कोरोना काल के बिजली के बिल भर दिए हैं, उन्हें भी चिंता करने की जरूरत नहीं है, उनके पैसे आने वाले देयकों में समायोजित कर दिए जाएंगे। राजपूत द्वारा बिल माफ प्रमाण पत्र वितरित किए गए जिसमें सुरखी विधानसभा क्षेत्र के 33 हजार 703 हितग्राहियों के 14 करोड़ के बिजली बिल माफ प्रमाण पत्र हितग्राहियों को वितरित किए गए। परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने क्षेत्र के लोगों को जैसीनगर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आकर जाँच कराने का आव्हान किया।शिविर में लगभग 30 प्रकार की जांच की व्यवस्था की गई।

इंदौर में लाउडस्पीकर पर 5 बार हनुमान चालीसा और रामधुन, प्रशासन सतर्क

इंदौर। इंदौर में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र के एक हनुमान मंदिर में लाउडस्पीकर पर दिन में पांच बार हनुमान चालीसा और रामधुन बजाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है. इसे लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है. उसने दोनों पक्षों को चेतावनी दी है कि धार्मिक स्थलों के लाउडस्पीकर को लेकर सांप्रदायिक तनातनी की स्थिति नहीं बननी चाहिए और सार्वजनिक शांति कायम रहनी चाहिए।

गौरतलब है कि ''हिंदवी स्वराज'' नाम के स्थानीय संगठन ने शहर के चंद्रभागा क्षेत्र स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में लाउडस्पीकर पर दिन में पांच बार हनुमान चालीसा और रामधुन बजाने की अपील की है. संगठन के प्रमुख और पेशे से वकील अमित पांडे ने सोमवार को कहा कि इस प्राचीन मंदिर में लाउडस्पीकर पर सूर्योदय और सूर्यास्त के वक्त

हनुमान चालीसा बजाई जा रही है. इसके अलावा, दिन में तीन बार मंदिर में लाउडस्पीकर पर रामधुन बजाई जा रही है।

प्रशासन ने उठाया ये कदम: उधर, जिलाधिकारी मनीष सिंह ने कहा, ''धार्मिक स्थलों के लाउडस्पीकर के मसलों को आपस में बातचीत कर सुलझाया जाना चाहिए और दो पक्षों के बीच सांप्रदायिक तनातनी की स्थिति नहीं बननी चाहिए. हमारे लिए शहर की शांति सर्वोपरि है.'' मस्जिदों के लाउडस्पीकर को लेकर की गई शिकायतों पर उन्होंने कहा, ''जब हमने संबंधित मस्जिदों की प्रबंध समितियों से इन शिकायतों को लेकर बात की, तो वहां लगे लाउडस्पीकर की आवाज कम कर दी गई।

प्रशासन को की गई शिकायत: पांडे के मुताबिक, पिछले तीन महीनों में स्थानीय वकीलों ने नियम-कायदों का हवाला देते हुए शहर के हर पुलिस थाने में लिखित शिकायत की थी कि मस्जिदों में अजान के वक्त ''पहले से ज्यादा तेज आवाज में'' लाउडस्पीकर बजाए जाने से कई बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी हो रही है, लेकिन पुलिस या प्रशासन ने शिकायत पर उचित कदम नहीं उठाए।

आंगनबाड़ियों में दिखेगी जन-सहयोग की झलक

आम नागरिक केन्द्रों के लिए खिलौने प्रदान करें

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एडाप्ट एन आँगनवाड़ी अभियान को गति देकर जन-सहयोग से नया स्वरूप दिया जाएगा। आँगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए खिलौने भी प्रदाय किए जाएंगे। इसके लिए सामाजिक संगठन भी आगे आएं। घरों में अनेक उपयोगी वस्तुएँ बिना उपयोग के रखी रहती हैं। मोहल्ला स्तर पर इन्हें एकत्र कर आँगनवाड़ी केन्द्रों और जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाने का कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रालय में हुई बैठक में चर्चा के दौरान यह निर्देश दिए।

मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आने वाले महीनों में आँगनवाड़ी केन्द्रों का स्वरूप ऐसा हो जाए, जिससे आँगनवाड़ियाँ अन्य प्रदेशों के लिए उदाहरण बने। प्रदेश में एडाप्ट एन आँगनवाड़ी अभियान में अनेक नागरिक और संस्थाएँ आँगनवाड़ी गोद ले रहे हैं। जन-प्रतिनिधियों द्वारा भी केन्द्रों को सुविधाजनक, स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि घरों में उपलब्ध ऐसी दवाओं, जिनकी एक्सपायरी डेट नहीं निकली है, उन्हें चिकित्सकों द्वारा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर में वितरित करने की परम्परा रही है। प्रति सप्ताह कुछ घंटे इस कार्य के लिए खर्च करते हुए समाज-सेवा की इस परम्परा को फिर से स्थापित किया जा सकता है। आँगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों के लिए भी अनेक तरह का योगदान दिया जा सकता है। अनेक लोग इस तरह का योगदान देना भी चाहते हैं। कुछ लोगों के आगे आने से अन्य समर्थ लोगों द्वारा सहयोग देने की मानसिकता बन जाती है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अनेक विद्यालयों के नामकरण के लिए भी सम्पन्न वर्ग पहल कर सकता है। माता-पिता की स्मृति में अस्पताल और विद्यालयों के नामकरण की शुरूआत हुई है, इसे जारी रखना चाहिए।

अपर मुख्य सचिव महिला-बाल विकास अशोक शाह ने बताया कि माह के तृतीय मंगलवार को बाल चौपाल का आयोजन किया जाता है। एडाप्ट एन आँगनवाड़ी अभियान के लिए सहयोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

नव आरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण शुरू

भोपाल। प्रदेश पुलिस की पुलिस प्रशिक्षण शाला, भौंरी में नव आरक्षकों का 73वाँ बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2022-23 का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पुलिस उपायुक्त नगरीय जिला भोपाल विनीत कपूर के मुख्य आतिथ्य में किया गया।पुलिस अकादमी भौंरी में सीधी भर्ती से नियुक्त 6 आरक्षक एवं अनुकंपा नियुक्ति से भर्ती 76 आरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय जिला भोपाल विनीत कपूर ने प्रशिक्षु आरक्षकों से कहा कि यह अकादमी ऐतिहासिक है। यहाँ पर अनुभवी अध्यापकों एवं प्रशिक्षकों द्वारा पुलिसिंग की बारीकियाँ सिखाई जाती हैं। साथ ही शारीरिक सौष्ठव पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आप सब व्यावसायिक दक्षता के साथ दीक्षा समझकर यह प्रशिक्षण प्राप्त करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक/ पुलिस अधीक्षक, मप्रपुअ भोपाल मलय जैन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक पीटीएस भौरी श्रीमती रश्मि पाण्डेय ने की तथा कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण व्यवस्था का पर्यवेक्षण निरीक्षक श्रीमती अनिता नागवंशी द्वारा किया गया। इनके सहायतार्थ अन्य समस्त प्रशिक्षण स्टाफ रहा।

ग्राम पंचायत बख्तरी मे पंचायत प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा प्रधानमंत्री आवास में जमकर भ्रष्टाचार

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पन्ना। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भले ही पंचायत दिवस पर चिल्ला चिल्ला कर बड़े-बड़े भाषण देते नजर आ रहे हो कि गरीबों के साथ किसी प्रकार का अन्याय अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मगर शिवराज सरकार के मुलाजिम प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अति महत्वकांक्षी योजनाओं पर पलीता लगा रहे हैं। पन्ना जिले में भ्रष्टाचार इस कदर है कि शासकीय कार्यालयों में जनता के बिना पैसों की कोई भी कार्य नहीं होते। बावजूद इसके जिले में हर माह किसी ना किसी विभाग में लोकायुक्त की कार्यवाही होती रहती है। बावजूद इसके जिले में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा एक ऐसा ही जनपद पंचायत पन्ना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बख्तरी में सामने आया है जहां पर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास में बंधन वृक्षारोपण आदि पंचायत के विकास कार्यों में रोजगार सहायक सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। जिसकी शिकायत दर्जनों की संख्या में

- **मेड़ बंधान, पीएम आवास, नंदन फल उद्योग आदि विकास कार्यों में लगे भ्रष्टाचार के आरोप**
- **पीएम आवास निर्माण पंचायत में ना करा कर के अन्य पंचायत की तस्वीर लेकर कर भारी भ्रष्टाचार**

ग्रामीणों ने 181 पर की है। जिसके लिए अधिकारी बिना निराकरण की शिकायत बंद कराने का दबाव बना रहे।

क्या-क्या लगाए ग्रामीणों ने आरोप

पन्ना जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बखतरी में रोजगार सहायक द्वारा लाखों का घपला सामने आया है।

बीपीएल हितग्राहियों द्वारा मेड बधान के 2021 मे रोजगार सहायक द्वारा 12 केश स्वीकृत कराए गए थे। हितग्राहियों द्वारा लेबर लगाकर के 60,000/- के ऊपर के मजदूरों द्वारा कार्य करवाया गया था।

मजदूर हितग्राहियों से राशि मांग रहे हैं कुछ हितग्राहियों ने अपने जेब से पेमेंट किया है। कुछ मजदूर आज भी राशि पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। हितग्राहियों द्वारा

जनपद पंचायत पन्ना में जाकर के अपने मस्टर निकलवाए तो उन्हें जानकारी प्राप्त हुई की राशि निकल चुकी है जिन्होंने कोई काम नहीं किया उनके खातों में रोजगार सहायक द्वारा राशि डाली गई है। रोजगार सहायक रुचि द्वारा अपने हितेषी मजदूरों के खातों में राशि डालकर उन्हें 100 - 200 रूपये देकर राशि वसूली गई है। हितग्राहियों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जांच की मांग की गई है। इसी तरह रोजगार सहायक श्रीमती रुचि द्वारा पीएम आवास मे भी लाखों का घपला सामने आया है आवास की मजदूरों की मजदूरी नहीं डाली गई अपने लोगों के खातो में डालकर राशि वसूली कर लाखों का घपला किया गया है। कुछ पीएम आवास की गलत तस्वीर डाल कर के आवास ही गायब कर दिया गया है आवास का निर्माण पंचायत में मैं ना कर के अन्ययंत्र पंचायत में निर्माण कराया गया है जहां की तस्वीर लेकर के निर्माण कार्य पूर्ण दिखाया गया है। मेड़ बधान एवं पीएम आवास के हितग्राहियों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत बख्तरी की इस पंचवर्षीय की समस्त हितग्राही योजनाओं की जांच कराई जाए दूध का दूध पानी का पानी हो जाए।पीएम आवास के हितग्राही जिनके पास जमीन नहीं है भू आवंटन के लिए भी दर-दर भटक रहे हैं जिन्हें आवास बनाने के लिए जमीन नहीं मिल रही है।

इनका कहना है -

ग्रामीणों द्वारा जो शिकायतें की गई हैं। वह ज्यादातर शिकायतें द्वेष भावना पूर्वक की गई हैं। ग्राम पंचायत में अगर भ्रष्टाचार किया गया है। तो जांच कराई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भागवत पटेल , एपीओ जनपद पंचायत पन्ना

पन्ना ब्लॉक में इस तरह से भ्रष्टाचार पंचायत अधिकारियों के सह पर पंचायतों में हो रहा है। ग्राम पंचायत बख्तरी में तो पीएम आवास निर्माण पंचायत में ना कराकर अन्य पंचायत मे कराया गया है एवं रोजगार सहायक द्वारा जीरोटेक किया गया है।

(ग्रामवासी), अध्यक्ष राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति विभाग मजदूर इकाई-पन्ना

संक्षिप्त समाचार

आज का युवा ही भविष्य का नेतृत्व है-शेजवलकर

ग्वालियर। युवा मोर्चा ने सराहनीय कार्य किया है, आज युवाओं को जन प्रतिनिधि बनना है तो उन्हें अपने आचरण में ईमानदारी और पारदर्शिता लानी चाहिए। आज का युवा ही भविष्य का नेतृत्व है। उक्त उद्गार मंगलवार को सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में युवा जन प्रतिनिधि सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। कर्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि युवा मोर्चा ने इस प्रकार का कर्यक्रम करके नई मिसाल पेश की है। युवा मोर्चा को युवा जन प्रतिनिधियों की कार्य शैली का अनुकरण करना चाहिए। स्वागत भाषण भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने दिया। कार्यक्रम में शहर के युवा पार्षदों को सम्मनित किया। सम्मानित होने वाले जन प्रतिनिधियों में श्रीमती ज्योति रवि तोमर, श्रीमती करुणा सक्सेना, श्रीमती सीमा राठौड़, श्री जबर सिंह गुर्जर शामिल है। कर्यक्रम में जिला महामंत्री राजू सेंगर, विनोद शर्मा, हरीश मेवाफरोश, राहुल दुबे, गौरव कुशवाह, रोहित भाटिया, गौरव मिश्रा, लाखन तोमर, राहुल भदौरिया, रोहित शर्मा, देवेंद्र प्रजापति, राजकुमार यादव, चेरण भार्गव, विवेक पाल, अंकित बंसल, पूनम पाल, लीन शर्मा आदि युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पत्रकार कॉलोनी की बिजली, पानी, सड़क को लेकर संघर्ष समिति मुख्यमंत्री से मिलेगी

ग्वालियर। मामा माणिकचंद बाजपेयी पत्रकार कॉलोनी में बिजली, पानी और सड़क सहित अन्य समस्याओं को लेकर संघर्ष समिति की बैठक प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल को संभाग आयुक्त से मिलकर उन्हें यहां की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। यदि सात दिन में समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास नहीं किए गए तो समिति के सदस्य भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे। बैठक में पत्रकार कॉलोनी में विकास कार्य शुरू हो इसके लिए कॉलोनी को नगर निगम को हस्तांतरित करने, कलेक्ट्रेट एवं तेंदुलकर मार्ग को जोड़ने वाली लिंक रोड जिसका थोड़ा सा हिस्सा छोड़ दिया गया है, उसका शीघ्र निर्माण करने, लिंक रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने, पत्रकार कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगाने, सिरोल पहाड़ी पर बनाई गई पानी की टंकी से पत्रकार कॉलोनी में पानी की आपूर्ति करने, कॉलोनी में सडकों का निर्माण करने के लिए संभाग आयुक्त को एक ज्ञापन देने पर सभी ने सहमति जताई। कॉलोनी में निर्माण कार्य प्रारंभ होने से यहां स्ट्रीट लाइट एवं सडक नहीं होने से काफी समस्याएं आ रही है। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रवेश पांडे, राजेन्द्र तलेगांवकर, हरीश चन्द्रा, रवि उपाध्याय, विक्रम प्रजापति राजेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

शेष शासकीय सेवकों का ईएसएस अपडेशन हर हाल में एक मई तक कराने के निर्देश

ग्वालियर। शासकीय सेवकों का ईएसएस (एम्प्लॉई सेल्फ सर्विस) प्रोफाइल अपडेशन का कार्य हर हाल में एक मई तक पूर्ण करने के निर्देश सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दिए गए हैं। इस काम की धीमी प्रगति पर आयुक्त कोष एवं लेखा ने नाराजगी जताई है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के अंतर्गत हर शासकीय सेवक का ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन किया जाना है। ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन एवं अन्य कठिनाईयों के निराकरण के लिये जिला कोषालय में एक सेल का भी गठन किया गया है। ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन न होने से सेवानिवृत और मृत कर्मचारी के पेंशन आदि स्वत्वों के निराकरण में कठिनाई आती है और देरी भी होती है। इस वजह से सभी विभागों के अधिकारियों को हर हाल में एक मई तक यह काम पूर्ण करने के लिए ताकीद किया गया है।

कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में लगभग 90 फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं

ग्वालियर। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में मंगलवार को लगभग 90 फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं। जन-सुनवाई में सामने आए नामांतरण, सीमांकन व बटवारा संबंधी प्रकरणों को त्वरित गति से निराकृत कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए। साथ ही जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था कराई गई। इसके अलावा अन्य विभागों से संबंधित समस्यायें भी निराकृत की गईं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्यायें सुनीं। साथ ही उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

व्यापारी एवं महिलाएं निर्भीक होकर काम करें: मृगाखी डेका

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेर्स (कैट) के प्रतिनिधि मण्डल से चर्चा करते हुये नव पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका आईपीएस ने कहा कि ग्वालियर जिले में व्यापारी एवं महिलाए निर्भीक होकर कार्य करें। उन्होने पुलिस की कार्य पद्धति में नई शुरूआत करते हुये कहा कि वे बीट स्तर पर व्यापारी और जनता से संबंध स्थापित करेंगी, नियमित रूप से अपने स्टाफ को लेकर एवं थाने के स्टाफ को लेकर बीट में भ्रमण करेंगी और लोगों की समस्याएँ सुनकर उसका निराकरण करने का प्रयास करेंगी। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में आज कैट टीम मध्यप्रदेश ने, कैट टीम ग्वालियर ने, महिला कैट टीम ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत और अभिनन्दन किया। उन्होंने कैट के द्वारा प्रारंभ की गई नई योजना थाना स्तरीय व्यापार समिति का अध्ययन किया और उसके संबंध में विस्तृत जानकारी ली और शीघ्र ही उनके कार्य क्षेत्र में आने वाले दो सीएसपी एव 6 थानों के थाना प्रभारियों के साथ कैट के जो थाना स्तरीय संयोजक है उनके साथ परिचय बैठक करने का निर्णय लिया। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया और बहुत ही सहजता से उन्होने प्रतिनिधि मण्डल के प्रत्येक सदस्य का परिचय प्राप्त किया। शीघ्र ही बीट स्तर पर कैट थाने और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ मिल कर व्यापारियों के लिये कार्य करेंगी। उन्होंने रात्रि कालीन अवसर पर शहर के अन्य स्थानों पर महिला ड्रायवरों को लेकर इलेक्टिक रिक्शा चलाये जाने की अपनी योजना पर चर्चा की जिस पर आगामी बैठक में कार्यवाही की जायेगी। कैट के प्रतिनिधि मण्डल में कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कविता जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का श्रीवास्तव, श्रीमती साधना शांडिल्य, श्रीमती रीना गांधी, श्रीमती बबिता डाबर, श्रीमती निधी अग्रवाल, श्रीमती रानी बंसल, श्रीमती सुभांगी चतुर्वेदी, श्रीमती चंचला मंगल, श्रीमती संगीता गुप्ता (रानी), अमित अरोरा, सचिन राजपूत, गिरीश शर्मा सहित अनेक व्यापारी शामिल थे।

MLB कॉलेज में बीकॉम की एग्जाम देकर निकले छात्र के गले पर मारा चाकू

ग्वालियर। ग्वालियर में शिक्षा के मंदिर MLB कॉलेज में B.COM सेकंड ईयर के छात्र पर 10 से 12 छात्रों ने हमला कर दिया। छात्र परीक्षा देने के बाद बाहर निकल रहा था। क्लास रूम के बाहर ही हमलावर खड़े थे। छात्र उनको देखकर वापस परीक्षा कक्ष में पहुंचा, लेकिन हमलावर वहां भी पहुंच गए। हमलावरों ने छात्र के गर्दन और कान पर चाकू से मारा है। उसके सिर पर कुर्सी तोड़ दी। बचाने आए एक प्रोफेसर के पीछे भी हमलावर चाकू लेकर दौड़े हैं।

हमलावरों के भागने के बाद घायल छात्र ने मदद के लिए पूरे परिसर में दौड़ लगा दी। इस दौरान पूरे परिसर में खून ही खून फैल गया। छात्र को गंभीर हालत में छ्व॥ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। हमलावर छात्रों की पहचान नहीं हो पाई है। सभी मुंह पर साफी बांधे हुए थे। पुलिस इसे छात्रों के बीच पुरानी रंजिश बता रही है। फिलहाल घायल छात्र के होश में आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

शहर के कंपू स्थित आमखो निवासी 20 वर्षीय अमन सिंह तोमर स्क्क्र कॉलेज में क्क्ष्टह्लस्सेकेंड ईयर का छात्र है। अभी उसकी परीक्षा चल रही है। मंगलवार को वह परीक्षा देने के लिए आया था। साथ में उसका दोस्त भोलू सिंह भदौरिया था। जब अमन तोमर पेपर हॉल से बाहर निकल रहा था तो उसने 10 से 12 लड़को को खड़े देखा। अमन को देखते ही सभी ने उसकी तरफ दौड़ लगा दी। बचने के लिए अमन वापस परीक्षा हॉल में भागा, लेकिन हमलावर उसे मारने का इरादा करके आए थे। परीक्षा हॉल में घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने उसके गले, कान और जबड़ा पर चाकू से वार किया। यही नहीं, कुर्सी उठाकर उसके सिर पर तोड़ दी। बेल्ट से पीटा। इस दौरान एक प्रोफेसर उसे बचाने भी आए तो बदमाश उनके पीछे चाकू लेकर दौड़े इसके बाद किसी की उनके सामने आने की हिम्मत नहीं हुई। हमलावर हाथ में चाकू लहराते हुए भाग गए।

परिसर में जान बचाने दौड़ा घायल

घायल छात्र की हालत नाजुक थी। उसने हमले के बाद पूरे परिसर में अपनी जान बचाने के लिए मदद मांगी। जिस कुछ लोगों ने उसको अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को मामले की सूचना दी। पूरे कॉलेज परिवार में खून की खून फैला हुआ था। अमन का ट्रॉमा के छ्वष्ट में इलाज चल रहा है। उसकी हालत नाजुक है।

अमन के दोस्त भोलू भदौरिया ने बताया कि कॉलेज में वर्चस्व की लड़ाई चलती रहती है। कॉलेज में एक गुट है मीत भदौरिया और शिवाजी तोमर का यह अमन से लगातार झगड़ा करते थे। इन्होंने ही हमला किया है। यह छात्रों के बीच पुरानी रंजिश पर हमला किया गया है। हमलावर में और कौन-कौन थे यह अमन के होश में आने और बता पाने की स्थिति में आने के बाद ही पता चल सकेगा।

छात्र राजनीति का झगड़ा

पुलिस को आशंका है कि यह खूनी संघर्ष छात्र राजनीति का झगड़ा भी हो सकता है। घायल छात्र काफी चर्चित है। वह लोगों के लिए मदद करता रहता है। किसी गुट को यह पसंद नहीं है। पहले भी यह कई बार भिड़ चुके हैं। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है।

नहीं हैं CCTV कैमरे

कॉलेज परिसर में परीक्षा भवन की तरफ कोई भी CCTV कैमरे नहीं लगे हैं। जिससे हमलावरों की पहचान नहीं हो पा रही है। अब पुलिस को घायल के होश में आने और बयान देने लायक होने का इंतजार है।

निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही करने पर कॉमन सर्विस सेन्टर के दोनों जिला प्रबंधकों पर पुलिस कार्रवाई के लिए निगम प्रशासन ने पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम नागरिकों को आसानी से निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा मिले, इसके लिए शहर के सभी जनमित्र केन्द्रों, क्षेत्रीय कार्यालयों पर विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, लेकिन उक्त कार्य में कॉमन सर्विस सेंन्टर के दोनों जिला प्रबंधकों द्वारा लापरवाही की जा रही है तथा आदेशों की अवहेलना की जा रही है जिसके चलते मंगलवार को नगर निगम के अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने कॉमन सर्विस सेंन्टर के जिला प्रबंधक श्री संतोष चौहान एवं श्री शशांक श्रीवास्तव के खिलाफ पुलिस कार्रवई हेतु पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा।

अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की स्वस्थ्य भारत योजना के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कॉमन सर्विस सेंन्टरों पर आमजनों से 2-2 हजार रुपए तक की वसूली की शिकायतें जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन को मिल रहीं थीं। आम नागरिकों को आयुष्मान कार्ड निशुल्क एवं आसानी से मिले, इसके लिए गत दिवस दिशा की बैठक में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर द्वारा जिला प्रशासन को नगर निगम के सभी जनमित्र केन्द्रों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों पर अभियान चलाकर निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के क्रम में कॉमन सर्विस सेंन्टर के जिला प्रबंधक श्री संतोष चौहान एवं श्री शशांक श्रीवास्तव को निर्देश दिए गए थे कि सभी जनमित्र केन्द्रों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों पर कॉमन सर्विस सेंन्टर के ऑपरेटर (बीएलई) नियुक्त कर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई करें। जिसके लिए नगर निगम द्वारा दिनांक 25 अप्रेल से सभी जनमित्र केन्द्रों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों पर निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान का शुभारंभ गत दिवस बालभवन में सांसद श्री शेजवलकर जी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

किन्तु निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने से बचने के लिए लापरवाही दिखाते हुए कॉमन सर्विस सेंन्टर के जिला प्रबंधक श्री संतोष चौहान एवं श्री शशांक श्रीवास्तव द्वारा ऑपरेटर (बीएलई) नहीं भेजे गए जिससे आमजनता परेशान हुई और पैसे देकर आयुष्मान कार्ड बनवाने को मजबूर है। कॉमन सर्विस सेंन्टर के जिला प्रबंधक श्री संतोष चौहान एवं श्री शशांक श्रीवास्तव की लापरवाही के चलते दोनों के खिलाफ पुलिस

कोल्डड्रिंक पीकर 10 बच्चे बीमार-बच्चों ने 10-10 रुपए मिलाकर मंगाई थी, पीते ही उल्टियां और लूज मोशन

ग्वालियर। ग्वालियर में घर पर पार्टी कर रहे 10 बच्चों की कोल्डड्रिंक पीने के बाद तबीयत खराब होने लगी। उल्टी-दस्त के साथ आंखें तरेरते देख बच्चों के परिजन तत्काल कमलाराजा अस्पताल जा पहुंचे। बच्चों की बिगड़ी हालत देख सभी को डॉक्टरों ने केआरएच स्थित आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। बच्चों ने थंडर नाम की कोल्डड्रिंक पी थी। यह 10 रुपए की मिलती है, लेकिन दुकानदार ने 5-5 रुपए में दे दी थी। उपनगर ग्वलियर के घासमंडी इलाके के पास रहने वाले 10 बच्चे एकत्रित होकर बच्चा पार्टी कर रहे थे। पार्टी के लिए बच्चों ने घर के पास से ही एक दुकान से लोकल कोल्ड ड्रिंक (थंडर) की बोतल के साथ अन्य खाने-पीने का सामान खरीदा था। पार्टी में पहले बच्चों ने कोल्ड ड्रिंक का सेवन किया।

शरीर में जाते ही बिगड़ी तबीयत

कोल्ड ड्रिंक पीते ही पार्टी में शामिल मयंक, 9 वर्षीय दीपा जाटव, कायनाथ, आलिया, 7 वर्षीय अलफिजा खान, 8 वर्षीय गोलू जाटव 4 वर्षीय मोंटी बाथम, मोनिका, 9 वर्षीय दीप जाटव और 8 वर्षीय भूमि जाटव के तेज पेट में दर्द शुरु हो गया। और दर्द के साथ उल्टियां शुरु हो गई। घर पहुंचने के बाद सभी बच्चों की तबियत बिगड़ती देख सभी के परिजनों ने थाना ग्वालियर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को कमला राजा स्थित पीडियाट्रिक वार्ड में लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने बच्चों की हालत गंभीर देख सभी को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरु कर दिया।

लोकल ब्रांड की थी कोल्डड्रिंक

थाना ग्वालियर टीआई आलोक सिंह परिहार ने बताया कि बच्चों ने मोतीझील इलाके में निर्मित होने वाली लोकल ब्रांड थण्डर नाम की कोल्ड ड्रिंक का सेवन किया था। मौके से खाली बोतल जब्त कर कोल्ड ड्रिंक बनाने वाले की तलाश की जा रही है। तीन दिन पहले सिटी सेंटर स्थित बैंबू रेस्टोरेंट में आयोजित शादी के दौरान एक सैकड़ा से अधिक लोग दूषित खाना खाने से डि-हाइड्रेशन का शिकार हो गए थे।

10 लाख की स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

ग्वालियर। अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए क्राईम ब्रांच व थाना बहोड़ापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को लगभग 10 लाख रूपये कीमत की 100 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 25.04.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला एक तस्कर थाना बहोड़ापुर क्षेत्रान्तर्गत शंकरपुर स्टेडियम के पास अवैध मादक पदार्थ बैचने को फिराक में खड़ा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री अभिनव चौकसे,भापुसे को क्राईम ब्रांच तथा थाना बहोड़ापुर की संयुक्त टीम बनाकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले बदमाश को पकड़ने हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर भेजने हेतु निर्देष किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में डीएसपी, अपराध रत्नेष तोमर, विजय भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 25/26.04.2022 की दरमियानी रात थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता तथा थाना प्रभारी बहोड़ापुर निरी. अमर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच व थाना बहोड़ापुर पुलिस की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को थाना बहोड़ापुर क्षेत्रान्तर्गत शंकरपुर स्टेडियम के पास मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, पुलिस टीम द्वारा उसे धरदबोचा। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति की तलाषी लेने पर उसके पेंट की जेब से एक सफेद रंग की पालीथिन से 100.30 ग्राम स्मैक रखी हुई थी, जिसे विधिवत जप्त किया गया, जप्त स्मैक की अनुमानित कीमती लगभग 10 लाख रूपये है।

अस्पताल परिसर में महिला से छेड़छाड़

ग्वालियर। अंचल के सबसे बड़े जया रोग अस्पताल परिसर में स्थित गर्ल्स हास्टल में रहने वाली विवाहिता के साथ दो लोगों ने छेड़छाड़ कर दी पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को गौतम बाल्मिकि व देवी सिंह महिला का रास्ता रोककर खड़े हो गये। दोनों लोग छेड़छाड़ करने लगे। विवाहिता के प्रतिरोध करने पर आरोपित ने पीड़िता को जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़िता रात में कंपू थाने पहुंची। विवाहिता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने व धमकाने का मामला दर्ज किया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478